

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 20 फरवरी 2025 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-321 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 21 फरवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### भ्रष्टाचार के आरोपों की होगी जांच, एक-एक पैसे का हिसाब देना होगा: रेखा

**नई दिल्ली,20 फरवरी।** दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि पिछले 12 साल से दिल्ली में जो सरकार (आम आदमी पार्टी) राज कर रही थी। उसे जनता के एक एक पैसे का हिसाब देना होगा। आम आदमी पर जो भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे क्या उनकी जांच होगी? इस सवाल का जवाब देते हुए रेखा गुप्ता ने कहा, ' जो सरकार दिल्ली में पिछले 12 साल से दिल्ली में राज कर रही थी और जितने भी भ्रष्टाचार के आरोप उन पर लगे हैं, जनता के एक-एक पैसे का हिसाब देना होगा।

### मुख्यमंत्री साय ने रेखा गुप्ता को दी बधाई

**रायपुर,20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रेखा गुप्ता को नई दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह नई जिम्मेदारी उनके नेतृत्व में दिल्ली के विकास और सुशासन को नई दिशा देगी। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से भी उन्हें इस महत्वपूर्ण दायित्व के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

### धर्मगुरु पोप फ्रांसिस की हालत गंभीर

**नई दिल्ली,20 फरवरी।** धर्मगुरु पोप फ्रांसिस की हालत गंभीर बनी हुई है। वे पिछले एक सप्ताह से अस्पताल में भर्ती हैं। उनके दोनों फेफड़ों में संक्रमण बताया गया है। 88 साल के पोप फ्रांसिस सांस की बीमारी से ग्रस्त हैं। पोप को फेफड़ों में संक्रमण के बाद पिछले शुक्रवार को रोम के जेमेली हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। पोप फ्रांसिस की बिगड़ती सेहत ने उन्हें अपने उत्तराधिकारी की लड़ाई को लेकर चिंतित कर दिया है। वेटिकन के प्रवक्ता माटेयो ब्रूनी ने बताया कि उनके चेकअप के परिणाम बताते हैं कि वे पॉलीमाइक्रोबियल सांस नली के संक्रमण से पीड़ित हैं। शुक्रवार को भर्ती करने के बाद उनके ट्रीटमेंट में जरूरी बदलाव भी किए गए हैं। बताया जाता है कि पोप को 21 साल की युवावस्था में निमोनिया हुआ था, तब उनके एक फेफड़े को निकाला गया था।

### 'सत्य की जीत और सरकारी षड्यंत्र की हार': भूपेश

**रायपुर,20 फरवरी।** बलौदाबाजार आगजनी मामले में आरोपी बनाए गए भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सत्य की जीत और सरकारी षड्यंत्र की हार करार दिया है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक्स पर किए अपने पोस्ट में लिखा कि सर्वोच्च न्यायालय ने आज सरकारी षड्यंत्र में जेल में बंद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को जमानत दे दी है. यह सत्य की जीत है. यह सरकारी षड्यंत्र की हार है. आने वाले समय में यह साबित हो जाएगा कि सरकार ने उन्हें गलत तरीके से महीनों जेल में रखा।

### भूपेश बघेल ने अपने परिवार के साथ मतदान किया

**दुर्ग,20 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में जिले के 108 ग्राम पंचायतो में चुनाव जारी है इसी कड़ी में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने परिवार के साथ पाटन ब्लाक के कुरूदडीह गांव पहुंचे जहां शासकीय स्कूल के मतदान केंद्र 21 में मतदान किया भूपेश बघेल ने मतदान के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कहा लोगो से मतदान करने की अपील की है वही भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव के जमानत को लेकर कहा कि शासन कुछ भी कर सकती है उसका जो घमंड है उसके कारण उसकी गिरफ्तारी हुई है आने वाले समय में जब तक ट्रायल चलेंगे तब तक वो बाईज्जत बरी हो जायेंगे। यह षड्यंत्र हुआ था जैतखंभ को काटने का, सतनामी समाज ने CBI जांच की मांग की थी,जो आज तक नही हुई।





# नक्सलियों की धमकी पर उत्साह भारी

## धुर नक्सल प्रभावित झीरम में ग्रामीणों ने जमकर किया मतदान,खड़ी पहाड़ी से उतरकर पहुंचे वोट देने

**सुकमा,20 फरवरी■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में आज ग्राम सरकार के लिए दूसरे चरण का मतदान जारी है. इस बीच कोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र एलेंगनार से 6 किलोमीटर दूर झीरम में भी ग्रामीण बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं. बुलेट पर बैलेट भारी पड़ रहा है. युवाओं से लेकर बूढ़ों तक सभी में काफी उत्साह नजर आ रहा है. लोगों का लोकतंत्र के प्रति विश्वास बढ़ रहा है. कड़ी सुरक्षा के बीच ग्रामीण दुर्गम रास्तों से उतरकर मतदान करने पहुंच रहे हैं. आपका बता दें, साल 2013 में झीरम में एक बड़ी नक्सल घटना हुई थी, जिसमें कांग्रेसी नेताओं समेत 33 लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई थी. झीरम में कभी माओवाद दहशत हुआ करता था. दरभा का झीरम गांव बस्तर और सुकमा जिले के सीमावर्ती इलाके में बसा हुआ है. निर्वाचन आयोग ने झीरम में 2 पोलिंग बूथ बनाए हैं, जहां झीरम और एलेंगनार के मतदाता वोट देते हैं. ग्राम सरकार के मतदान केंद्र नम्बर 132 और 133 में कुल 706 वोटर्स हैं. जो सुबह से ही वोटिंग करने के लिए मतदान केंद्र के बाहर लाइन में लगे हुए हैं. इस बूथ में वोटिंग करने के लिए एलेंगनार गांव के मतदाताओं को करीब 6-7 किलोमीटर का पैदल सफर तय करना पड़ता है. ये ग्रामीण खड़ी पहाड़ी से उतरकर वोट देने पहुंचे हैं. हालांकि सरकार इस गांव तक सड़क बनाने के काम कर रही है, लेकिन सड़क वर्षों से अधूरा होने के कारण ग्रामीणों को काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है.

### टोकटे का ले रहे सहारा

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चुनाव जीतने के लिए प्रत्याशी तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं. धरसींवा जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत सांकरा में देर रात कुछ इसी तरह के दृश्य देखने को मिला, जहां मतदान केंद्र (शासकीय स्कूल) के गेट के बाहर पीला चावल और नींबू पड़ा हुआ था. चुनाव के लिए पहुंचे ग्रामीण भी चावल-नीबू देखकर आश्चर्य में पड़ गए.

# रेखा गुप्ता ने दिल्ली की चौथी महिला सीएम के तौर पर ली शपथ

**नई दिल्ली,20 फरवरी।** शालीमार बाग से पहली बार भाजपा विधायक बनीं रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। बीजेपी 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में लौटी है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद वह अब दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं। 50 वर्षीय गुप्ता ने 5 फरवरी को हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी आम आदमी पार्टी (आप) प्रतिद्वंद्वी बंदना कुमारी के खिलाफ 29,000 से अधिक वोट हासिल करके शालीमार बाग सीट जीती। काम ही पहचान (मेरा काम ही मेरी पहचान है), एक टैगलाइन है जिसे वह अपनी वेबसाइट पर अपने अभियानों के लिए उपयोग करती है।




उनके मंत्रिपरिषद में प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, पंकज सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा और रविंदर इंद्राज शामिल हैं, उन्होंने भी आज मंत्री पद की शपथ ली। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित अन्य शीर्ष भाजपा नेता इस समारोह में पार्टी के मेगा शक्ति प्रदर्शन के रूप में भाग लिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा द्वारा उन्हें इस पद के लिए चुना जाना प्रधानमंत्री के महिला सशक्तीकरण के दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने गुरुवार सुबह कहा महिलाओं के प्रति पीएम मोदी के दृष्टिकोण और सकारात्मकता ने इसे संभव बनाया है। इतनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए एक मध्यम वर्ग की महिला को चुनना एक बड़ा निर्णय है, और मैं मुझ पर विश्वास करने के लिए शीर्ष नेतृत्व को गहराई से धन्यवाद देती हूं। उन्होंने मुझे यह बड़ी जिम्मेदारी दी है, और मैं इसे समर्पण के साथ पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

**केजरीवाल का 'शीशमहल' बनेगा म्यूजियम-** रेखा गुप्ता ने 'शीशमहल' के मुद्दे को एक और बार उछाला और आम आदमी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली में बने 'शीशमहल' को बीजेपी की सरकार म्यूजियम बनाएगी।

# बिलासपुर में कोका-कोला कोल्डड्रिंक के सीक्रेट फॉर्मूला की चोरी

**बिलासपुर,20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के न्यायधानी बिलासपुर में कोका-कोला कोल्डड्रिंक के सीक्रेट फॉर्मूला की चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। फैक्ट्री प्रबंधन ने आरोप लगाया है कि कंपनी के एचआर (ह्यूमन रिसोर्स) कर्मचारी यह गोपनीय फॉर्मूला चुराकर फरार हो गया। मामले की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सिरगिट्टी पुलिस ने आरोपी के खिलाफधोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस फिलहाल आरोपी की तलाश कर रही है। यह घटना सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र स्थित नर्मदा कोल्डड्रिंक फैक्ट्री की है, जहां कोका-कोला कंपनी के कोल्डड्रिंक निर्माण का सीक्रेट फॉर्मूला चोरी होने की बात सामने आई है।

रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी कर्मचारी यह फॉर्मूला किसी अन्य कंपनी को बेच सकता है या इसे लीक कर सकता है, जिससे कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान होने की संभावना है। सिविल लाइन सीएसपी के अनुसार, आरोपी कर्मचारी ने यह गुप्त फॉर्मूला बाहरी लोगों को बेचने का प्रयास किया। हालांकि, कंपनी के सुरक्षा तंत्र की सतर्कता के कारण यह हरकत पकड़ में आ गई। इसके बाद फैक्ट्री प्रबंधन ने सिरगिट्टी थाने में शिकायत दर्ज करवाई। फिलहाल फरार आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और गोपनीय जानकारी लीक करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### ग्रामीण विद्युतीकरण के नाम पर करोड़ों का घोटाला

# हाईकोर्ट ने लिया मामले का संज्ञान,सरकार से मांगा जवाब

**बिलासपुर,20 फरवरी।** बस्तर और सुकमा जिले में ग्रामीण विद्युतीकरण के नाम पर करोड़ों रुपये के स्ट्रीट लाइट घोटाले का मामला सामने आया है। इस घोटाले पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था, जिसके बाद जनहित याचिका पर सुनवाई जारी है। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने बताया कि जांच समिति गठित कर दी गई है और वह अपनी जांच कर रही है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने शासन से शपथपत्र के माध्यम से जवाब मांगा है और अगली सुनवाई की तारीख 18 मार्च तय की गई है। बस्तर और सुकमा जिले के 190 गांवों में 18 करोड़ रुपये की लागत से 3500 से अधिक सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई गईं। इन लाइटों की स्थापना में नियमों की अनदेखी की गई, जिसके चलते यह मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा। पूर्व की सुनवाई में बताया गया कि पूरी निविदा प्रक्रिया क्रेडा के माध्यम से होनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। राज्य के अधिकारियों को इस अनियमितता की जानकारी थी, फिर भी उन्होंने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। अतिरिक्त महाधिवक्ता राज कुमार गुप्ता ने जानकारी दी थी कि जब यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया, तो 9 अप्रैल 2024 को आदिवासी विकास आयुक्त, रायपुर द्वारा जांच के आदेश दिए गए थे। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को सौंप दी गई है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ में सुनवाई हुई। महाधिवक्ता ने बताया कि जांच समिति सक्रिय रूप से कार्य कर रही है और जल्द ही वास्तविक रिपोर्ट सामने आएगी। इस पर हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि शासन अपनी विस्तृत जानकारी शपथपत्र के माध्यम से प्रस्तुत करे।

# भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

### बलौदा बाजार हिंसा मामले में 17 अगस्त से थे रायपुर जेल में.

**नई दिल्ली 20 फरवरी।** बलौदा बाजार-हिंसा मामले में 17 अगस्त से रायपुर जेल में बंद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को आज सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। 19 फरवरी को इस्पात नगरी भिलाई में जगह-जगह भिलाई विधायक देवेंद्र यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया सुप्रीम कोर्ट से आज जमानत मिलने की खबर शहर में फैलते ही देवेंद्र यादव के समर्थको में जश्न का माहौल है और उनके चेहरे पर खुशियां लौट आई है। 10 जून 2024 में बलौदाबाजार में सतनामी समाज के विरोध प्रदर्शन के दौरान कलेक्टर और एसपी ऑफिस जला दिए गए थे। इस मामले में भीड़ को भड़काने, आंदोलनकारी का साथ देने का आरोप लगाकर कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव पर केस दर्ज किया गया था। सुप्रीम कोर्ट से इस केस को लेकर दिए गए दिशा निर्देश से जुड़े दस्तावेज बलौदाबाजार की अदालत में पेश किए जाएंगे





# सांसद बृजमोहन ने परिवार संग किया त्रिवेणी स्नान

**रायपुर,20 फरवरी।** लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने महाकुंभ के पावन अवसर पर अपने परिवार, मित्रों और सहयोगियों के साथ तीर्थराज प्रयागराज में मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। संगम स्नान के पश्चात उन्होंने मां गंगा का विधिवत पूजन किया तथा लेटे हनुमान जी, वटवृक्ष और बेनी माधव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को महाकुंभ के दिव्य और भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति, परंपरा और आस्था का सबसे बड़ा संगम है.

# बंगाल में आंधी-पानी, कश्मीर में बारिश के आसार

**नई दिल्ली,20 फरवरी।** देश के विभिन्न राज्यों के मौसम तेजी से बदल रहे हैं। दर्जनों राज्यों में आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के आसार जताए गए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 20 फरवरी को जारी एक मौसम रिपोर्ट में इसकी बात कही है। आईएमडी ने गुरुवार को कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के कई जिलों में आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग ने बताया कि सुबह पश्चिमी जिलों पुरुलिया, बांकुड़ा और बीरभूम में कुछ स्थानों पर बारिश भी हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी और कोलकाता, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, हावड़ा, नदिया, उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया। विभाग ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से दक्षिण बंगाल के जिलों में रात का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। आईएमडी ने एक बुलेटिन में कहा कि कोलकाता में न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग चार डिग्री अधिक था।जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में अगले 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी के आसार हैं।

# विदेश से एमबीबीएस करने के लिए भी नीट पास करना अनिवार्य

**नई दिल्ली,20 फरवरी।** विदेश से एमबीबीएस करने के लिए नीट यूजी परीक्षा पास करना अनिवार्य है। सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के इस नियम को बरकरार रखा है। केंद्र सरकार की ओर से 2018 में लाया गया यह नियम सुनिश्चित करता है कि विदेश में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्र भारत में मेडिसिन की प्रैक्टिस करने के लिए जरूरी मानकों को पूरा करें। शीर्ष अदालत ने फैसले में कहा कि यह रेगुलेशन निष्पक्ष व पारदर्शी है और किसी भी वैधानिक प्रावधान या संविधान के खिलाफ नहीं है। अदालत ने कहा कि यह नियम इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट, 1956 के किसी भी प्रावधान के विपरीत नहीं है और न ही किसी भी तरह से मनमाना या अनुचित है। नीट यूजी पास करने की आवश्यकता ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशन, 1997 में निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अतिरिक्त है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बी आर गवई और के विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिका पर सुनवाई की। आपको बता दें कि वर्ष 2018 से उन भारतीय छात्रों के लिए नीट यूजी पास करना अनिवार्य कर दिया गया है जो विदेश से एमबीबीएस कर भारत में डॉक्टरी करना चाहते हैं। याचिकाकर्ताओं ने एमसीआई के रेगुलेशन को चुनौती देते हुए तर्क दिया था कि इसे इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट, 1956 में संशोधन किए बिना लाया गया था। हालांकि अदालत ने माना कि मेडिकल काउंसिल के पास एक्ट की धारा 33 के तहत रेगुलेशन पेश करने का अधिकार था।सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा, हमें रेगुलेशन में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं नजर आता। सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार के लिए छूट देने के लिए भी साफ इनकार कर दिया।पीठ ने कहा, जाहिर सी बात है कि संशोधित रेगुलेशन लागू होने के बाद यदि कोई उम्मीदवार प्राइमरी मेडिकल एजुकेशन लेने के लिए किसी विदेशी संस्थान में एडमिशन लेना चाहता है, तो वे रेगुलेशन से छूट की मांग नहीं कर सकते हैं। ये रेगुलेशन देश के भीतर डॉक्टरी करने के लिए आवश्यक पात्रता मानदंड निर्धारित करते हैं। यह भारत के बाहर कहीं भी डॉक्टरी करने के उनके अधिकार को प्रतिबंधित नहीं करता है। फैसले का मतलब है कि विदेश में अंडर ग्रेजुएट मेडिकल कोर्स करने के इच्छुक भारतीय छात्रों को अब विदेशी मेडिकल संस्थानों में दाखिले का पात्र होने के लिए नीट यूजी पास करना होगा।

कोई भी भारतीय छात्र डॉक्टरी की डिग्री कहीं



से भी लेता है तो पहले उसे नीट पास करना होगा। यदि कोई विदेशी नागरिक भारत में मेडिकल की पढ़ाई करना चाहता है तो भी उसे नीट पास करना होगा। 2018-19 के सत्र से यह लागू हो गया था। इसमें कहा गया कि विदेशों में मेडिकल पढ़ाई के इच्छुक हों, वे पहले नीट पास कर लें। विदेश जाने के लिए एमसीआई से अहर्ता प्रमाण पत्र लेना होता है। यह प्रमाण पत्र उन्हीं को मिलेगा जो नीट पास कर पाएंगे। यदि कोई बिना नीट पास किए विदेशों से मेडिकल की डिग्री लेते हैं तो वह देश में मान्य नहीं होगी। अगर विद्यार्थी एमसीआई से अहर्ता प्रमाण पत्र नहीं लेता है तो वह एफएमजीई परीक्षा नहीं दे सकेगा। विदेश से एमबीबीएस करके आए विद्यार्थियों को भारत में डॉक्टरी का लाइसेंस लेने के लिए एफएमजीई परीक्षा देनी होती है। एफएमजीई पास करके ही वे भारत में डॉक्टरी कर सकते हैं।एनटीए हर वर्ष मेडिकल, डेंटल व आयुष कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट का आयोजन करता है। नीट यूजी से देश भर में एमबीबीएस, बीएएमएस, बीयूएमएस, बीएसएमएस और बीएचएमएस, बैचलर ऑफ डेंटल स्टडीज (बीडीएस) और बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हसबैंड्री (बीवीएससी एंड एएच) कोर्सेज में दाखिले होते हैं।भारत में हर साल करीब 25 लाख स्टूडेंट्स मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट देते हैं जिसमें से करीब 13 लाख पास हो पाते हैं। लेकिन नीट क्वालिफाई करने वाले इन 13 लाख स्टूडेंट्स के लिए देश में एमबीबीएस की सिर्फ 1.10 लाख सीटें ही हैं। यह स्थिति हर साल देखने को मिलती है। नीट पास विद्यार्थियों में से अच्छी रैंक पाने वालों को ही सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सस्ती एमबीबीएस की सीट मिल पाएगी। देश में एमबीबीएस की बेहद कम सीटें और प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों की भारी भरकम फीस के चलते डॉक्टर बनने का ख्वाब संजोए हजारों स्टूडेंट्स विदेश से एमबीबीएस करने की ऑप्शन चुनते हैं। बहुत से तो ऐसे होते हैं जिन्हें देश में ही प्राइवेट मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस सीट मिल रही होती है लेकिन उसकी भारी भरकम फीस के चलते उन्हें बांग्लादेश, यूक्रेन, रूस जैसे देशों का रुख करना पड़ता है। ये ऐसे देश हैं जहां एमबीबीएस का खर्च भारत के प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों से काफी सस्ता पड़ता है। भारत की तुलना में इन देशों में कम नीट मार्क्स से दाखिला लेना संभव है। विदेश से एमबीबीएस करके आए विद्यार्थियों को भारत में डॉक्टरी का लाइसेंस लेने के लिए एफएमजीई परीक्षा पास करनी होती है।

## संपादकीय

# होना को वही है जो सरकार चाहेगी

वक्फ संशोधन विधेयक को जेपीसी ने दोनों सदनों में पेश कर दिया है, विपक्ष भी जानता है कि इस मामले में होना तो वही है जो केंद्र सरकार चाहेगी।सरकार चाहती तो बहुमत के बल पर इस वक्फ संशोधन विधेयक को पिछले सत्र में पास करा सकती थी, उसके पास दोनों सदनों में बहुमत है, उसे इस विधेयक को पास कराने में कोई दिक्कत नहीं होती। कांग्रेस के समय भी तो कांग्रेस ने विपक्ष की तमाम बातों को नजरअंदाज कर यह विधेयक बहुमत के बल पास कराया था, इस मामले में कांग्रेस कह नहीं सकती थी कि भाजपा ने तानाशाही से विधेयक को पास करा लिया है, क्योंकि उसने भी तो इसी तरह विपक्ष की बातों की उपेक्षा करके वक्फ विधेयक पास कराया था, वह विधेयक ऐसा था कि इससे वक्फ बोर्ड को असीमित ताकत मिल गई। इससे वक्फ बोर्ड को किसी भी जमीन पर हक जताने का अधिकार मिल गया। वह जिस जमीन को अपना बता देता था,वह जमीन उसकी हो जाती थी। उस पर कोई सुनवाई किसी कोर्ट में नहीं होती थी, वक्फ बोर्ड के ट्रिब्यूनल में ही अपील की जा सकती थी। वहां होता वही था जो ट्रिब्यूनल चाहता था। यानी वक्फ के पास गई जमीन किसी को वापस नहीं मिलती थी। वक्फ जिस जमीन पर दावा कर देता था वह जमीन उसकी हो जाती थी, जिस जमीन पर दरगाह,मस्जिद,मजार बना दी जाती थी, वह जमीन भी वक्फ की हो जाती थी। वक्फ बोर्ड को कांग्रेस सरकार द्वारा असीमित अधिकार दिए जाने के कारव वक्फ बोर्ड के पास दान दी जमीन से ज्यादा जमीन तो वह हो गई जिसे वक्फ बोर्ड ने दावा करके हासिल कर लिया था। यही वजह है कि वक्फ बोर्ड के कांग्रेस सरकार से असीमित अधिकार मिलने के बाद से वक्फ बोर्ड के पास जमीन बढ़ती चली गई। वह देश में रेलवे के बाद जमीन के मामले में दूसरी बड़ी संस्था हो गई।वक्फ बोर्ड को मुस्लिम समाज जमीन दान इसलिए करता था कि वक्फ बोर्ड उसका सदुपयोग कर समाज के गरीब लोगों की मदद करेगा। बदलते समय के साथ इस बात की शिकायत बढ़ गई कि वक्फ बोर्ड की जमीन व संपत्ति से होने वाली आय से गरीबों का कम समाज के प्रभावशाली लोगों को ज्यादा फायदा हो रहा है। समाज के प्रभावशाली लोग वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष व पदाधिकारी बनकर वक्फ की संपत्ति का उपयोग खुद करने लगे हैं।वक्फ बोर्ड में समाज के प्रभावशाली लोगों का वर्चस्व होने के कारण गरीबों को पता ही नहीं चलता है कि उनके लिए दान दी गई जमीन का पूरा फायदा उनको क्यों नहीं मिल रहा है। वक्फ बोर्ड के पास लाखों एकड़ जमीन हैं लेकिन उसका बड़ा हिस्सा दान किया हुआ नहीं है, वह कब्जा किया हुआ है, यानी वक्फ बोर्ड ने कांग्रेस सरकार के दिए अधिकार का उपयोग कर एक तरह से कब्जा कर लिया है। यह तो गैरकानूनी है, इससे देश के एक बड़े वर्ग में वक्फ बोर्ड के असीमित अधिकार को लेकर नाराजगी थी कि इस बोर्ड के पास इतने अधिकार क्यों है, बाकी समाज की संस्थाओं के पास ऐसे अधिकार क्यों नहीं है। यह तो संविधान की समानता के अधिकार का उल्लंघन है। सभी समाज के लोगों का कहना है कि या तो उनके अधिकारों को कम किया जाए या फिर समानता के अधिकार के अनुसार उनको भी उतना ही अधिकार दिया जाए। मोदी सरकार कांग्रेस सरकार की तरह न सोच सकती है और न ही कर सकती है, इसलिए उसने वक्फ बोर्ड के उस अधिकार को कम करने का फैसला किया जो कानूनन गलत था। किसी भी देश में किसी संस्था को ऐसा अधिकार शायद ही हो कि वह जिस जमीन पर दावा करे वह जमीन उसकी हो जाएगी। किसी जमीन पर कोई संस्था मस्जिद, दरगाह बना लेगी तो वह जमीन उसकी हो जाएगी। हमारे देश मे यह अनोखा काम इसलिए हो सका कि क्योंकि यहां अपने आपको धर्मनिरपेक्ष कहने वाली कांग्रेस का शासन बरसों रहा, कांग्रेस को अपने शासन की निरंतरता के लिए मुसलमानों का वोट चाहिए था,इसलिए मुसलमान नेताओं ने बदले में उनसे जो भी अधिकार मांगे कांग्रेस उनको समय समय पर देती रही। कांग्रेस ने मुसलमानों को कानून बनाकर यह अधिकार दिया था इसलिए उसे वापस भी कानून बनाकर लिया जा सकता है। भाजपा वही कर रही है, इसका विरोध वह लोग कर रहे हैं जिनकों चुनाव जीतने के लिए मुसलमानों को वोट चाहिए। यह लोग देश की जनता को समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि भाजपा गलत कर रही है, भाजपा जनता को यह समझा रही है कि कांग्रेस ने पहले भी गलत किया था और आज भी वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध कर गलत कर रही है। वक्फ संशोधन विधेयक के जरिए सरकार क्या करने जा रही है, वह वक्फ बोर्ड ने जो गलत किया है, उसे सुधारने जा रही है। वक्फ जो जमीन दान में मिली है, उस पर तो वक्फ का अधिकार होगा। लेकिन जो जमीन वक्फ को दान में नहीं मिली है, उसने अपने अधिकार का उपयोग कर या कहीं पर दरगाह या मस्जिद बनाकर हथिया ली है, वह जमीन वक्फ से वापस ली जाएगी। जिस जमीन के कागज वक्फ के पास होंगे वह जमीन वक्फ की होगी।जिस जमीन के कागज वक्फ बोर्ड के पास नहीं होंगे वह जमीन सरकार की होगी। देश में कानून के हिसाब से सभी संस्थाओं को उनके पास जो जमीन है,वह तब ही उनकी मानी जाती है जब वह उसका कागज अदालत में पेश करते हैं, सभी संस्थाओं की तरह अब वक्फ भी जिस जमीन को अपना बता रहा है तो उसे अदालत में उसके कागज दिखाने होंगे। कांग्रेस इस विधेयक को पास होने से रोक नहीं सकती, विपक्ष के मुसलमान समर्थक नेता भी नहीं रोक सकते, उन्होंने जेपीसी के नाम पर इसमें जितनी देरी कर सकते थे, वह कर चुके, लेकिन अब जब अगले सत्र में वक्प संशोधन विधेयक सरकार पेश करेगी तो कांग्रेस व विपक्ष इसको रोक नहां पाएगा। होना वही है जो मोदी सरकार चाहेगी। मोदी सरकार ने विपक्ष को इस पर अपनी बात रखने का पूरा मौका दिया। वह चर्चा चाहते थे तो चर्चा की गई। अब विधेयक में संशोधन भी होगा वही जो भाजपा चाहेगी। यह बात विपक्ष के नेता जानते हैं, इसलिए अपने मुसलमान वोट बैंक को यह बताने में लगे हैं कि देखों हमने तो आखिरी तक इस विधेयक का विरोध किया। लेकिन अब हम इसे संसद में नहीं रोक सकते। यह बात मुसलमानों के संगठन भी जानते है, इस विधेयक को बनने से रोका नहीं जा सकता तो वह विरोध करके सरकार को इस विधेयक को वापस लेने के लिए आंदोलन कर सकते हैं। वह इसमें कितना सफल होते है यह तो आने वाला वक्त बताएगा।

आचार्य श्री विद्यासागरजी

देवेन्द्र ब्रह्मचारी

# अलौकिक साधनावाले सिद्ध एवं विलक्षण संत



दिगंबर जैन परंपरा के सबसे वयोवृद्ध तेजस्वी, योगी, महामनीषी आचार्य, परम पूज्य, सिद्धांत चक्रवर्ती, अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी, जैनधर्म को एक नयी पहचान देने वाले राष्ट्रसंत एवं संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागरजी महाराज के ह्यप्रथम समाधि दिवसह्न के अवसर पर 21 फरवरी 2025 को मुंबई में आयोजित होने वाले ह्यस्मरणांजलि समारोहह्न एक आयोजन भर न होकर उस युगवेत्ता-युगप्रवर्तक महापुरुष की स्मृतियों को जीवंतता देने का सशक्त माध्यम है। यह आयोजन श्रद्धालुओं की श्रद्धा एवं भक्ति का ऊंच शिखर है। भारत की इस पवित्र माटी को मेरे गुरु आचार्य विद्यासागरजी ने अपने पवित्र ज्ञान, अनुभव एवं आध्यात्मिक शक्ति से अभिसिंचित किया। उनकी साधना और कथनी-करनी की एकता ने सारे विश्व को ज्ञान रूपी आलोक से आलोकित किया था। स्थितप्रज्ञ आचार्य विद्यासागरजी ने अपने जीवनानुभव की वाणी से त्रस्त मानवता और विघटित समाज को एक नवीन संबल प्रदान किया था, जिससे राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक और संस्कृतिक क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। उनका गहरा विश्वास था कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण उसके नागरिकों के कर्तव्य भाव के साथ ही अपने परिवार, अपने समाज और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की नींव पर होता है। भगवान राम, कृष्ण, महावीर, बुद्ध, ईसा, हजरत मुहम्मद, आचार्य कुन्दकुन्द, शंकराचार्य, संत कबीर, दादू, नानक एवं महात्मा गाँधी की श्रृंखला में आचार्य विद्यासागरजी जैसे महामना संत, समाज सुधारक एवं अध्यात्म मनीषी महामानव ने अपनी आत्म-साधना के बल पर स्वतंत्रता और समता के जीवन-मूल्य प्रस्तुत करके सम्पूर्ण मानवता को एक सूत्र में बाँधा था। जीवन में आस्था और विश्वास, चरित्र और निर्मल ज्ञान तथा अहिंसा एवं निर्बैर की भावना को बल दिया। जिनकी ओज और माधुर्यपूर्ण वाणी में ऋजुता, व्यक्तित्व में समता, जीवनशैली में संयम की त्रिवेणी थी। जीवन-मूल्यों को प्रतिष्ठित करने वाले बाल ब्रह्मचारी श्री विद्यासागर जी स्वभाव से सरल और सब जीवों के प्रति मित्रवत व्यवहार के संपोषक थे, इसी के कारण उनके व्यक्तित्व में विश्व-बन्धुत्व की, मानवता की सौंधी-सुगन्ध विद्यमान रही। वे बीसवीं सदी के संत परम्परा के महान साहित्य सृष्टा युगपुरुष थे। उनका साहित्य परिमाण की दृष्टि से ही विशाल नहीं, अपितु गुणवत्ता एवं जीवन मूल्यों को संचारित करने की दृष्टि से भी इसका विशिष्ट स्थान है। गिरते सांस्कृतिक मूल्यों एवं अपसंस्कारों को नियंत्रित करने एवं सांस्कृतिक मूल्यों की पुनर्प्रतिष्ठा उनके साहित्य में पंक्ति-पंक्ति में देखा जा सकता है। वे न केवल वैचारिक क्रांति के पुरोधा पुरुष थे बल्कि समाज एवं धर्मक्रांति के भी जनक थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था कि जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होती है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में अध्यात्म किसी अमर और अजस्त्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है। आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार-बार याद आ रहा है। आचार्य विद्यासागरजी का जन्म आश्विन शरदपूर्णिमा संवत 2003 तदनुसार 10 अक्टूबर 1946 को कर्नाटक प्रांत के बेलग्राम जिले के सुप्रसिद्ध सदलगा-चिक्कोडी ग्राम में श्रेष्ठी श्री मलप्पा पारसप्पाजी अष्टगे एवं श्रीमती अष्टगे के घर में हुआ। बचपन का नाम विद्याधर रखा गया। बचपन में ही आपको जैन धर्म एवं दर्शन के संस्कार और धार्मिक विचारों से ओतप्रोत



वातावरण मिला। आपने कक्षा नौवीं तक कन्नड़ी भाषा में शिक्षा ग्रहण की और उस छोटी उम्र में ही उनका मन धर्म की ओर आकर्षित हो गया और उन्होंने उसी समय आध्यात्मिक मार्ग पर चलने का संकल्प कर लिया। उन दिनों विद्यासागरजी आचार्यश्री शांतिसागरजी महाराज के प्रवचन सुनते रहते थे। इसी प्रकार धर्म ज्ञान की प्राप्ति करके, धर्म के रास्ते पर अपने चरण बढ़ाते हुए मुनिश्री ने मात्र 22 वर्ष की उम्र में अजमेर (राजस्थान) में 30 जून, 1968 को आचार्यश्री ज्ञानसागरजी महाराज के शिष्यत्व में मुनि दीक्षा ग्रहण की। उन्होंने कन्नड़ भाषा में शिक्षण ग्रहण करने के बाद भी अँग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत और बांग्ला भाषाओं का ज्ञान अर्जित करके उन्हीं भाषाओं में लेखन कार्य किया। उनके द्वारा रचित रचना-संसार में सर्वाधिक चर्चित और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में ह्यमूक माटीह्न महाकाव्य है जिसने हिन्दी-साहित्य और हिन्दी संत-सहित्य जगत में एक विशिष्ट जगह प्राप्त की है। यूं तो उनकी हर पुस्तक महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ प्रख्यात है। आचार्य विद्यासागरजी एक वृहद् धार्मिक समुदाय के आध्यात्मिक नेता थे। उनके वटवृक्षीय नेतृत्व के निर्देशन में साहित्य के अलावा अनेक प्रवृत्तियां चलयमान रही हैं। आपकी प्रेरणा और आशीर्वाद से कई गौशालाएं, स्वाध्याय शालाएँ, औषधालय स्थापित किए गए थे। आचार्यश्री ने पशु माँस निर्यात के विरोध में जनजागरण अभियान भी चलाया। साथ ही ह्यसर्वोदय तीर्थह्न के नाम से अमरकंटक में एक विकलांग निःशुल्क सहायता केंद्र चलाया। आपने पशु धन बचाने, गाय को राष्ट्रीय प्राणी घोषित करने, माँस निर्यात बंद करने को लेकर अनेक उल्लेखनीय कार्य किए थे। संस्कृति के संवर्धन में भी आपका उल्लेखनीय योगदान है। आपके वैशिष्ट्य का राज है आपका प्रबल पुरुषार्थ, अटल संकल्प और अखण्ड ध्येय। आपकी करुणा में सबके साथ सहअस्तित्व का भाव जुडा था। विकास की यात्रा में सबके अभ्युदय की अभीप्सा थी। आप माता-पिता की द्वितीय संतान होकर भी अद्वितीय संतान थे। बडे भाई श्री महावीर प्रसाद स्वस्थ परम्परा का निर्वहन करते हुए सात्विक पूर्वक सद्गृहस्थ जीवन-यापन कर रहे हैं। माता-पिता, दो छोटे भाई अनंतनाथ तथा शांतिनाथ एवं बहिनें शांता व सुवर्णा भी आपसे प्रेरणा पाकर घर-गृहस्थी के जंजाल से मुक्त हो कर जीवन-कल्याण हेतु जैन दीक्षा लेकर आत्म-साधनारत हुए। धन्य है वह परिवार जिसमें सात सदस्य सांसारिक प्रपंचों को छोड़कर मुक्ति-मार्ग पर चल रहे हैं। इतिहास में ऐसी अनोखी घटना का उदाहरण विरले ही दिखता है। विद्याधर का बाल्यकाल घर तथा गाँव वालों के मन को जीतने वाली आश्चर्यकारी घटनाओं से युक्त रहा है। खेलकूद के स्थान पर स्वयं या माता-पिता के साथ मन्दिर जाना, धर्म-प्रवचन सुनना, शुद्ध सात्विक आहार करना, मुनि आज्ञा से संस्कृत के कठिन सूत्र एवं पदों को कंठस्थ करना आदि अनेक घटनाएं मानो भविष्य में आध्यात्म मार्ग पर चलने का संकेत दे रही थी। वास्तविक शिक्षा तो ब्रह्मचारी अवस्था में तथा पुनः मुनि विद्यासागर के रूप में गुरुवर श्री ज्ञानसागर जी के सान्निध्य में पूरी हुई। तभी वे प्राकृत, अपभ्रंश, संस्कृत, कन्नड, मराठी, अंग्रेजी, हिन्दी तथा बांग्ला जैसी अनेक भाषाओं के ज्ञाता और व्याकरण, छन्दशास्त्र, न्याय, दर्शन, साहित्य और अध्यात्म के प्रकाण्ड विद्वान आचार्य बने थे। वे मात्र दिवस काल में ही चलने वाले नग्नपाद पदयात्री थे। राग, द्वेष, मोह आदि से दूर इन्द्रियजित, नदी की तरह प्रवाहमान, पक्षियों की तरह स्वच्छन्द, निर्मल, स्वाधीन, चट्टान की तरह अविचल रहते थे। कविता की तरह रम्य, उत्प्रेरक, उदात्त, ज्ञेय और सुकोमल व्यक्तित्व के धनी आचार्य विद्यासागर भौतिक कोलाहलों से दूर, जगत मोहिनी से असंपृक्त तपस्वी थे। आपकी निजी पहचान बन गयी- वे भीड़ में सदा अकेले होते थे। ग्रंथों में घिरे रहकर भी निर्ग्रंथ दीखते थे और लाखों लोगों के अपनत्व से जुड़कर भी निर्बंधता को जी लेते हैं। आपका संपूर्ण जीवन मानवीय मूल्यों का सुरक्षा प्रहरी था। इसलिए आप सबके लिए प्रणम्य थे। आपके विचार जीवन का दर्शन थे। प्रवचन भीतरी बदलाव की प्रेरणा थे। संवाद जीने की सही सीख थे। आचार्य विद्यासागरजी का अतीत सृजनशील सफर का साक्षी बना तो आपका साधना-काल तेजस्विता और तपस्विता की ऊंची मीनार। आपका भविष्य मानवता के अभ्युदय का उजला भविष्य था तो आप तनाव की भीड़ में शांति का संदेश थे। अशांत मन के लिए समाधि का नाद थे। चंचल चित्त के लिए एकाग्रता की प्रेरणा थे। संघर्ष के क्षणों में संतुलन का उपदेश थे। आचार्य विद्यासागरजी से प्रेरणा पाने के लिए देश के सर्वोच्च राजनेता, पदाधिकारी, साहित्यकार, पत्रकार, संत पहुंचते रहे थे। जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनकी सन्निधि में पहुंचे, उन्होंने पूज्य आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज को नमोस्तु निवेदित कर श्रीफल भेंट कर आशीष ग्रहण किया। प्रधानमंत्री ने आचार्यश्री से राष्ट्रीय हित के अनेक मुद्दों पर चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया एवं गहन चर्चा करके समाधान प्राप्त किया था। संभवतः गौ रक्षा, पर्यावरण, कौशल विकास, राष्ट्रभाषा सशक्तिकरण, स्वरोजगार और स्वदेशी जैसे मुख्य बिंदुओं पर दोनों के बीच ऐतिहासिक चर्चा हुई। उन्होंने तब प्रधानमंत्री को सुझाव दिया कि एक मुल्क के दो नाम नहीं होते इसलिये हमें इंडिया के बजाय केवल भारत के नाम को ही प्रचलित करना चाहिए। संभवतः मोदी ने आचार्य श्री विद्यासागरजी की प्रेरणाओं को साकार भी किया। युगद्दष्टा, ब्रह्मांड के देवता, सिद्ध संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज दिनांक 17 फरवरी 2024 ब्रह्मलीन हुए। वे देशवासियों के हृदय और मन-मस्तिष्क में सदैव जीवंत रहेंगे। उनकी वाणी, उपदेश एवं संदेश युगयुगों तक सदैव प्रेरित और आलोकित करते रहेंगे। उनकी अविस्मरणीय स्मृति का सम्मान करते हुए हम उनके मूल्यों को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

**(प्रख्यात जैन संत देवेन्द्र ब्रह्मचारी जन आरोग्यम फाउण्डेशन के संस्थापक है।)**

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए कुछ नए कामों को करने के लिए रहेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। जीवनसाथी कामों में आपका पूरा साथ देंगे। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। वैवाहिक जीवन में आपके लिए जीवनसाथी कोई सरप्राइज लेकर आ सकते हैं। आप किसी पार्ट टाइम कार्य को करने के लिए समय आसानी से निकाल सकेंगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको इधर-उधर खाली बैठकर समय व्यतीत करने से अच्छा कि आप अपने कामों पर ध्यान लगाएं। आपको कोई बदलाने फुसलाने की कोशिश कर सकता है, इसलिए किसी के कहने में आकर कोई इन्वेस्टमेंट ना करें। ऑनलाइन यदि आप शॉपिंग करते हैं, तो उसमें आपको कोई नुकसान होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ा पद मिलने से खुशी होगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए कामों को सोच समझकर करने के लिए रहेगा। रोजगार की तलाश में लगे लोगों को किसी मित्र की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने कामों को समझदारी दिखाते हुए पूरा करने की आवश्यकता है। परिवार में आपसी सामंजस्य की कमी होने के कारण वाद-विवाद खड़े होंगे, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएंगे। आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। शेयर मार्केट में आपको इन्वेस्टमेंट करना अच्छा रहेगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग किसी बचत की योजना में धन लगा सकते हैं। आपको अपने भाई व बहनों से प्रॉपर्टी को लेकर कुछ लड़ाई-झगड़े में नहीं पड़ना है। आप कुछ नई सोच का लाभ उठाएंगे। आपका कोई प्रोजेक्ट यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसकी शुरूआत हो सकती है। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। कारोबार में आप किसी से पार्टनरशिप ना करें। आपकी किसी नये काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बना कर रखनी होगी। आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। परिवार में किसी सदस्य की फरमाइश पर आप कोई नया वाहन लेकर आ सकते हैं। आपकी इनकम से ज्यादा आपके खर्च हो सकते हैं, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएंगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती से भरा रहने वाला है। आपके अनचाहे खर्च बढ़ने से आपको समस्या होगी। राजनीति में आप थोड़ा सोच समझकर कदम बढ़ाएं। परिवार में किसी सदस्य को यदि आप कोई सलाह देंगे, तो वह उस पर अमल अवश्य करेंगे। आपको बेवजह यात्रा करने से बचना होगा, जिससे आप की सेहत में समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपका भगवान की भक्ति में काफी मन लगेगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। करियर में आपको अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। आप अपनी पढ़ाई लिखाई को लेकर कहीं यात्रा भी कर सकते हैं, जो लोग विदेशों से व्यापार करते हैं, उनकी योजनाएं फलीभूत होगी। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको किसी समस्या को छोटा नहीं समझना है। आप अपनी शौक मौज की चीजों की खरीदारी पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने आर्थिक मामलों को लेकर काफी खुश रहेंगे, क्योंकि आपको अपनी वाणी की मधुरता को बनाए रखने की आवश्यकता है। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। आपके बॉस आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। आपको किसी से बेवजह दूसरे के मामले में नहीं बोलना है। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या द्वेष की भावना ना रखें।

धनु- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेगी। जीवनसाथी को आप किसी यात्रा पर लेकर जाने की तैयारी कर सकते हैं। आपके पिताजी को कोई पैरों से संबंधित समस्या हो सकती है। आप कोई प्रॉपर्टी को लेकर बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। कानूनी मामलों में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह की आवश्यकता होगी। आप किसी की कहा सुनी बातों पर भरोसा ना करें।

मकर- आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। आपको कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने में समस्या आएगी। आपका मन थोड़ा परेशान रहेगा। जीवनसाथी से भी किसी बेवजह की बात को लेकर खटपट हो सकती है और आपकी शान शौकत और दिखाने की आदत के कारण आप अधिक खर्च कर सकते हैं। सिंगल लोगों की अपने पार्टनर से मुलाकात होगी। आपको बिजनेस में लाभ उतना नहीं मिलेगा, जितने की अपने उम्मीद की थी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए बेवजह किसी वाद विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। संतान को आप किसी प्रतियोगिता में भाग दिला सकते हैं। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आप अपने अधिकारियों से किसी बात को लेकर बहसबाजी में ना पड़े, नहीं तो इसका असर आपके प्रमोशन पर पड़ेगा। जो लोग राजनीति में कार्यरत हैं, उन्हें अपने आसपास रह रहे शत्रुओं की चालों को समझना होगा। आपको किसी संपत्ति की खरीदारी करते समय उसके चल व अचल पहलुओं को स्वाधीनता से जांचना होगा।

मीन- आज के दिन आपके मन में भाईचारे की भावना बनी रहेगी और आप खर्चों के साथ-साथ बचत पर भी पूरा ध्यान देंगे। आप संतान की फरमाइश पर किसी नए चीज की खरीदारी कर सकते हैं। आपके घर किसी ने मेहमान का आगमन हो सकता है। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्सो पर ध्यान दें, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

## एएलडी या अल्कोहॉलिक लिवर डिजीज क्या है

अल्कोहॉलिक लिवर डिजीज (एएलडी) लिवर की उन बीमारियों के एक समूह को कहते हैं, जो ज्यादा शराब पीने से होती हैं। मैं एक लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन हूँ और मेरे पास अक्सर ऐसे मरीज आते हैं, जिनके जीवन पर एएलडी का बहुत बुरा असर हुआ है। अगर इसका जल्दी पता चल जाए तो इसे रोका और ठीक किया जा सकता है। लेकिन अगर यह बीमारी बढ़ जाए तो यह ऐसा नुकसान कर सकता है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती और फिर लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ेगी। परामर्श के लिये, डॉ. स्वप्निल शर्मा, कंसल्टेन्ट लिवर ट्रांसप्लांट, एचपीबी और जीआई सर्जन, वॉकहार्ट हॉस्पिटल्स अब रायपुर में उपलब्ध हैं।

**एएलडी में मुख्य रूप से तीन अवस्थाएं होती हैं:**अल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज (स्टीटोसिस): यह सबसे हल्की अवस्था होती है, जिसमें अल्कोहल के अत्यधिक सेवन के कारण लिवर की कोशिकाओं में काफी वसा एकत्र हो जाता है। यह स्थिति ठीक हो सकती है, अगर अल्कोहल का सेवन बंद कर दिया जाए।अल्कोहॉलिक हेपेटाइटिस: इस अवस्था में लिवर की कोशिकाओं में सूजन और क्षति होती है। मरीजों को पीलिया, पेटदर्द और आलस महसूस होता है। अल्कोहॉलिक हेपेटाइटिस की गंभीर स्थिति में लिवर फेलियर हो सकता है। अल्कोहॉलिक सिरोसिस: यह अंतिम अवस्था है, जिसमें लिवर पर धब्बे और अपूरणीय क्षति होती है। सिरोसिस से होने वाली जटिलताओं में पोर्टल हाइपरटेंशन, वैरिसील ब्लीडिंग, एसाइट्स और हीपैटिक एंसेफैलोपैथी शामिल हैं।

**जोखिम कारक और पैथोफिजियोलॉजी**-इसका मुख्य कारण है बहुत ज्यादा शराब पीना, लेकिन जरूरी नहीं है कि बहुत ज्यादा शराब पीने से ही एएलडी हो। इसके कुछ और कारण भी हैं, जैसे आनुवंशिक संरचना। कुछ लोगों को यह बीमारी अपने परिवार से मिलती है। महिलाओं में यह बीमारी होने का खतरा ज्यादा होता है। अगर किसी को पहले से ही मोटापा या वायरल हेपेटाइटिस जैसी बीमारी है, तो उसे एएलडी होने का खतरा बढ़ जाता है। अगर शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की कमी है, तो भी एएलडी हो सकता है। अगर कोई लंबे समय से शराब पी रहा है, तो उसके लिवर के सेल्स का काम बदल जाएगा, जिससे ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और जलन बढ़ जाएगी और फाइब्रोसिस और लिवर के खराब होने जैसी समस्याएँ हो सकती हैं।

**बीमारी का पता लगाना एवं निगरानी**-इसका पता लगाने में चिकित्सकीय मूल्यांकन, लैब टेस्ट और इमेजिंग के अध्ययन किये जाते हैं। इसके प्रमुख संकेतक हैं लिवर के एंजाइम्स बढ़ना (एएसटी और एएलटी), बिलिरुबिन ज्यादा होना और एल्बुमिन कम होना। अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन या एमआरआई से वसा में बदलाव, फाइब्रोसिस या सिरोसिस का पता चल सकता है। लिवर बायोप्सी से बीमारी के निदान और अवस्था की पुष्टि हो सकती है।

## महाकुंभ

# आयोजन का श्रेय बनाम कुप्रबंधन की जिम्मेदारी

निर्मल रानी



भारतवर्ष में आयोजित होने वाले सबसे विशाल एवं विराट धार्मिक समागम को 'कुंभ मेला' के नाम से जाना जाता है। यह आयोजन प्रयाग व हरिद्वार में पवित्र गंगा नदी के तट पर, उज्जैन में शिप्रा नदी तथा नासिक में गोदावरी नदी के किनारे किया जाता है। देश दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालु इन पवित्र नदियों में पौष पूर्णिमा व मकर संक्रान्ति जैसे पावन अवसरों पर स्नान करते हैं। यदि हम आयोजन स्थल की बात करें तो वार्षिक माघ मेला हो या 6 वर्षों के अंतराल में पड़ने वाले अर्ध कुंभ या फिर 12 वर्षों के अंतराल में आयोजित होने वाले पूर्ण कुंभ,सभी आयोजनों के लिये सबसे उपयुक्त, खुला व विशाल स्थान प्रयागराज ही है। यहाँ गंगा-यमुना तथा संगम के दोनों किनारों पर कई किलोमीटर लंबे खुले स्थान हैं जहाँ लाखों श्रद्धालु एक ही समय में सुगमता पूर्वक रुक सकते हैं स्नान कर सकते हैं। परन्तु इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को 'महाकुंभ' के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया गया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला 'महाकुंभ ' है। हालांकि इस दावे पर उँगलियाँ उठ रही हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जैसे संत 144 वर्ष बाद के दावे पर यह कहते हुये सवाल उठा रहे हैं कि इससे पहले 2013 व 2001 के कुंभ को भी 144 वर्ष बाद पड़ने वाला महाकुंभ बताया गया था।

इसके अतिरिक्त इस बार का आयोजन जहाँ श्रद्धालुओं का करोड़ों की संख्या में मेले में आवागमन, विदेशी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में शिरकत , विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति,आधुनिकता,उच्चस्तरीय हाई टेक ठहरने की व्यवस्था जैसी अनेक बातों को लेकर चर्चा में रहा वहीं पहली बार यह देखा गया कि स्वयं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री सहित देश के तमाम विशिष्ट जनों को महाकुंभ में आने का न्योता दिया गया। हालाँकि मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्तिगत तौर पर लोगों को निमंत्रण देने की कई जगह आलोचना भी हुई। कुछ लोगों का कहना था कि यह धार्मिक आयोजन है इस पर सभी का अधिकार है इसलिये आयोजक के रूप में न्योता देने का कोई अर्थ नहीं है। परन्तु राजनीति के वर्तमान दौर में जबकि बिना कुछ किये ही राजनेता श्रेय लेने को आतुर रहते हैं ऐसे में इतने बड़े आयोजन की भव्यता दिव्यता व सफलता का श्रेय डबल इंजन की सरकारें न लें यह आखिर कैसे हो सकता है। इस महाकुंभ के व्यापक प्रचार प्रसार की गरज से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में 'महाकुंभ-2025' की विस्तृत चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में बताया था कि किस तरह संगम तट पर मेले की जोरदार तैयारियां चल रही हैं । साथ ही उन्होंने मेले से पूर्व हेलीकाप्टर से पूरा कुम्भ क्षेत्र देखने के अनुभव को साँझा करते हुये कहा कि- 'इतना विशाल, इतना सुन्दर, इतनी भव्यता'। मोदी ने कहा कि अगर कम शब्दों में कहें तो 'महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश' और दूसरे तरीके से कहूंगा 'गंगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमारा'। और इसी अपील के साथ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल अपने देश बल्कि पूरे विश्व के श्रद्धालुओं को भी महाकुंभ में आमंत्रित किया। स्वयं मुख्यमंत्री योगी ने दिसंबर माह में 4 बार महाकुंभ का निरीक्षण किया। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि 2019 में आयोजित हुये कुंभ मेले की तुलना में इस बार पूरे महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगभग प्रत्येक जनोपयोगी सुविधाओं में व्यापक विस्तार किया गया। जाहिर है भारतीय मीडिया भी काफी पहले से महाकुंभ आयोजन का दिन रात प्रचार कर रहा था। सरकार द्वारा टी वी,समाचारपत्र-पत्रकाओं सहित लगभग सभी प्रचार माध्यमों में सैकड़ों करोड़ के विज्ञापन दिए गये थे। हद तो यह है कि बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री सरीखे नाममात्र प्रवचन कताओं द्वारा यह तक कह दिया गया था कि इस महाकुंभ में स्नान न करने वाला देशद्रोही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये सरकार द्वारा हजारों की संख्या में विशेष रेलगाड़ियां,बसें,विमान आदि भी चलाये गये। इस तरह के व्यापक प्रचार प्रसार तथा धार्मिक आस्था के घालमेल में करोड़ों लोगों का प्रयागराज में इकठ्ठा होना तो स्वभाविक था ही।

परन्तु दुर्भाग्यवश इतना विशाल आयोजन प्रयागराज से लेकर दिल्ली तक कुप्रबंधन का शिकार रहा। मेला क्षेत्र में 30 दिन के अंदर अलग अलग क्षेत्रों में पांच बार तो आगजनी की घटनायें घटीं। जबकि पूरे मेला क्षेत्र में 350 से ज्यादा फायर ब्रिगेड, 2000 से अधिक प्रशिक्षित अग्निशामक , 50 अग्निशमन केंद्र और 20 फायर पोस्ट बनाए गए थे साथ ही अखाड़ों और टेंट में अग्नि सुरक्षा उपकरण भी लगाए गए थे।

उसके बावजूद यह हादसे पेश आये ? इसी तरह कुंभ मेला क्षेत्र में अनेक बार भगदड़ मची। जिसमें दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे। अभी भी कई लोगों को अपने खोये परिजनों की तलाश है। पूरा शहर कई दिनों तक जाम की चपेट में रहा। यहाँ तक कि वी आई पी पास निरस्त करने पड़े और प्रयागराज को 'नो वेहिकिल जोन' तक घोषित करना पड़ा। और आखिरकार श्रद्धालुओं के इस सैलाब ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भगदड़ का रूप ले लिया। यहाँ भी 14 महिलाओं व 4 पुरुषों की मौत हो गयी। महाकुंभ में न आने वालों को देशद्रोही बताने वाले बागेश्वर के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने भगदड़ में मरने वालों को लेकर यह विवादित बयान दे दिया कि -'जो कोई गंगा किनारे मरेगा वह मरेगा नहीं बल्कि मोक्ष प्राप्त करेगा'। इसतरह सरकार को खुश करने के लिये अनेक साधु संतों द्वारा तरह तरह की भ्रामक बातें की गयीं जबकि इन हादसों के लिये सरकार के कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराने वालों को सनातन विरोधी,हिन्दू विरोधी,कांग्रेसी,नकारात्मक सोच रखने वाला कहा जाने लगा। हद तो यह है कि भगदड़ पर सवाल उठाने वाले शंकराचार्य के विरोध में तो सारा संत समाज ही इकठ्ठा हो गया ? शंकराचार्य ने भगदड़ में मृतकों के प्रति हमदर्दी व सरकार की लापरवाही पर ऊँगली क्या उठा दी कि उनके पद को ही चुनौती दी जाने लगी ? ऐसे में यह सवाल उठना तो लाजिमी है कि जब राज्य से लेकर केंद्र सरकार के मुखिया तक महाकुंभ के आयोजन की चर्चा कर रहे हों,लोगों को स्वयं व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित कर रहे हों। '144 वर्ष बाद हो रहे आयोजन का' अप्रमाणित हौव्वा खड़ा किया गया हो,अतिथियों के लिये प्रोटोकाल के अनुसार मंत्री स्तर के लोग उन्हें स्नान कराने के लिये तैनात हों,टी वी अखबार महाकुंभ के गुणगान व प्रचार से पटे पड़े हों, ऐसे में भारत जैसे विशाल एवं धर्म प्रधान देश में करोड़ों लोगों का पहुंचना तो स्वभाविक ही था। इसमें भी कोई शक नहीं कि इसबार का आयोजन पिछले कुंभ आयोजन की तुलना में अधिक भव्य रहा। परन्तु सवाल यह भी है कि कि चाहे वह सरकार हो या राजनेता,जो भी इस महाआयोजन का श्रेय लेगा निश्चित रूप से इस मेले में हुये कुप्रबंधन तथा असामयिक मौतों की जिम्मेदारी भी उसी को लेनी पड़ेगी।

**एक नजर**

## प्रमिला सुराना दूसरी बार बनी हारम पंचायत की सरपंच



**दंतेवाड़ा, 20 फरवरी।** भाजपा नेत्री प्रमिला सुराना लगातार दूसरी बार गीदम जनपद के हारम ग्राम पंचायत से सरपंच निर्वाचित हुई है 7 प्रमिला सुराना को 501 मत प्राप्त हुए । उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी से 268 मतों से ऐतिहासिक विजयश्री प्राप्त की 7 प्रमिला सुराना ने क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा की हारम पंचायत चुनाव में क्षेत्र की जनता का लगातार दूसरी बार आशीर्वाद मिला है, इसके लिए व सर झुकाकर देवतुल्य जनता को नमन करती है। निर्वाचित होने उपरांत प्रमिला सुराना ने कहा कि हारम पंचायत का सर्वांगीण विकास, जन जन तक शासकीय योजनाओ और मुलभुत सुविधाओं को उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी 7 हारम पंचायत का चुनमुखी विकास किया जाएगा। प्रमिला सुराना के पति व भाजपा नेता मनीष सुराना ने भी प्रमिला को दूसरी बार बड़े अंतर मतों से विजय होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## द्वितीय चरण के मतदान के लिए मतदान दल रवाना किए गए

**दंतेवाड़ा, 20 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के तहत द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले के कटेकल्याण ब्लॉक में 20 फरवरी को मतदान संपन्न होगा। इस परिप्रेक्ष्य में आज द्वितीय चरण के मतदान के लिये मतदान दलों को कटेकल्याण जनपद पंचायत भवन स्थित स्ट्रांग रूम सह वितरण केन्द्र से मतदान सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारी मतदान सामग्रियों का मिलान कर सम्बन्धित सेक्टर ऑफिसर के नेतृत्व में निर्धारित रुट के बसों के जरिये अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिये रवाना हुए। इस मौके पर निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। इस संबंध में पंचायत उप संचालक श्री मिथिलेश किसान ने बताया कि इस दूसरे चरण में कटेकल्याण ब्लॉक अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 02, जनपद पंचायत सदस्य हेतु 10, सरपंच प्रत्याशी के 27 और 86 पंच प्रत्याशियों का निर्वाचन होगा। उक्त द्वितीय चरण में 20 फरवरी को मतदान सम्पन्न कराने के लिए कुल 64 मतदान दलों के 331 अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिये जिला पुलिस बल, डीआरजी तथा छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के पर्याप्त जवानों की तैनाती की गयी है। वहीं सुचारू रूप से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराये जाने हेतु सेक्टर ऑफिसर्स, सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल पुलिस अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

## नवनिर्वाचित पंच-सरपंचों को प्रमाणपत्र वितरित

**सुकमा, 20 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के



निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण में हुए मतदान के तहत सुकमा विकासखंड के पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्यों को प्राप्त मतों का टेबुलेशन कार्य 19 फरवरी को प्रातः 10़30 बजे से किया गया। इसके लिए सुकमा विकासखंड में टेबुलेशन कार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर सुकमा में आयोजित किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेंद्र ठाकुर ने टेबुलेशन प्रक्रिया का निरीक्षण किया। सारणीकरण पूर्ण होने के बाद नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों सरपंच एवं पंच को तहसीलदार एवं रिटर्निंग आफिसर श्री अनिल ध्रुव के द्वारा निर्वाचन का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। टेबुलेशन प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## द्वितीय चरण के लिए बनाए 165 मतदान केंद्र

**सुकमा, 20 फरवरी।** सुकमा जिले के विकासखंड छिंदगढ़ में द्वितीय चरण का मतदान



20 फरवरी 2025 को संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार और रिटर्निंग अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संचालित करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले में मतदान के लिए कुल 165 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 2 शिफ्टेड मतदान केंद्र, 20 पिंक बूथ, 2 अस्थायी मतदान केंद्र और 147 संवेदनशील मतदान केंद्र शामिल हैं। जनपद पंचायत छिंदगढ़ अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 5 पद, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 17, सरपंचों की संख्या 60 एवं पंचों की संख्या 845 है। जनपद पंचायत छिंदगढ़ में कुल 69924 मतदाता शामिल है जिनमें 32545 पुरुष मतदाता और 37379 महिला मतदाता आते हैं। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन, आवागमन के रूट का सत्यापन और वल्नरेबिलिटी मैपिंग की कार्रवाई को भी पूरा कर लिया गया है। मतदान केंद्रों और मतदान कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त मात्र में पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है, जिससे मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

# माता मावली मेले में शामिल हुए केदार कश्यप

- विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन
- अबूझमाड़ मैराथन के टी-शर्ट का विमोचन



**नारायणपुर, 20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में आज से शुरू हुए ऐतिहासिक माता मावली मेले में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप शामिल हुए। उन्होंने माता मावली के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और जिलेवासियों को मेले की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

मंत्री कश्यप ने कहा कि मावली माता का आशीर्वाद बस्तर की संस्कृति और परंपराओं को सहेजने की शक्ति प्रदान करता है। यह मेला सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रतीक है। दूर-दूर से आए श्रद्धालु इस आयोजन को और अधिक भव्य बनाते हैं। उन्होंने कहा,यहां के आदिवासी जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, वे बधाई के पात्र हैं। मंत्री कश्यप ने कहा कि बस्तर अंचल के मड़ई-मेले आदिवासी संस्कृति, लोककला और परंपराओं के संरक्षण के केंद्र हैं। माता मावली मेला भी नारायणपुर जिले का ऐतिहासिक और ख्याति प्राप्त आयोजन है, जहां हर वर्ष स्थानीय लोगों के साथ ही दूर-दराज के सगे-संबंधी आते हैं और इस सांस्कृतिक विरासत को नजदीक से अनुभव करते हैं। उन्होंने कहा कि पांच दिवसीय इस मेले में हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही, उन्होंने माता मावली के आशीर्वाद से जिले में चौतरफा विकास की कामना की।

**अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन टी-शर्ट का विमोचन**-मंत्री कश्यप ने 02 मार्च को होने वाली अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन के आधिकारिक टी-शर्ट का विमोचन भी किया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस मैराथन में भाग लेने का आग्रह किया और इसे शारीरिक फिटनेस और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बताया। मंत्री श्री कश्यप ने मेले में लगी विभिन्न सरकारी विभागों की स्टॉलों का निरीक्षण किया और विभिन्न दुकानों का अवलोकन किया। उन्होंने पूजा सामग्री भी खरीदी और स्थानीय व्यापारियों से संवाद किया।



## सरपंच पद पर विजयी बनाने पर शैलेश अटामी ने जनता का आभार व्यक्त किया

**गीदम, 20 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल महामंत्री व नवनिर्वाचित कासोली 1 के सरपंच शैलेश अटामी ने अपने ग्राम पंचायत कासोली के जनता का आभार प्रकट किया साथ ही उन्होंने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से तथा शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया। इस दौरान अटामी ने कहा की यह जीत जनता की जीत है तथा प्रमुख रूप से टीम वर्क ने कार्य किया उनका भी हृदय से आभार जताया और कहा की असली जीत का हकदार टीम है शैलेश ने कहा की मैं तथा पंचायत की सभी वार्ड पंचों तथा पूरे अमले के साथ सदैव ग्राम की मूलभूत समस्याएं तथा सभी प्रकार के समस्याओं को शासन प्रशासन स्तर तक ले जाकर पूरा करने का प्रयास करूंगा और जनता के समस्या जैसे जल यातायात सड़क कृषि स्वास्थ्य शिक्षा आदि समस्याओं पर कार्य करने का पूरा प्रयास करेंगे।

## महाकुंभ ले जाने के नाम पर धोखाधड़ी, थाने में एफआईआर दर्ज

**जगदलपुर, 20 फरवरी।** बस्तर में महाकुंभ और अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. पीड़ितों ने इसकी शिकायत जगदलपुर कोतवाली थाने में की है. पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. पीड़ितों ने बताया, परचनपाला के रहने वाले योगेन्द्र पांडे ने कुंभ और अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के नाम पर बस्तर के 55 लोगों से 7 से 8 हजार रुपए ले लिए, लेकिन प्रयागराज और काशी दर्शन के बाद यात्रियों को वादे के अनुसार अन्य स्थान नहीं ले गए. यात्रियों के विरोध करने पर योगेन्द्र पांडे और उसके साथियों ने यात्रियों से बदसलूकी भी की और कोरबा के पास बस छोड़कर भाग गए.

**योगेंद्र पांडे के खिलाफएफआईआर दर्ज**-सभी यात्री किसी तरह पैसे इकट्ठे कर वापस जगदलपुर पहुंचे. इसके बाद सभी ने कोतवाली थाने में योगेंद्र पांडे के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

## जिला अधिवक्ता संघ कोरबा ने सचिव व नवनिर्वाचित पार्षद नूतन सिंह का किया सम्मान

**कोरबा, 20 फरवरी।** जिला अधिवक्ता संघ कोरबा द्वारा जिला न्यायालय परिसर कोरबा में जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के सचिव व नवनिर्वाचित पार्षद नूतन सिंह सहित अधिवक्ता संघ से संबद्ध पार्षद व पंचायत पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार साहू सहित सभी न्यायाधीश अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गणेश कुलदीप सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। नगर पालिका निगम कोरबा चुनाव में कुल 03 अधिवक्ता पार्षद चुनाव जीतने में कामयाब रहे। पुरानी बस्ती कोरबा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में नूतन सिंह 743 मतों के भारी अंतर से चुनाव जीता। धनुहारपारा से भाजपा प्रत्याशी धनश्री साहू ने चुनाव जीता, वही रविशंकर शुक्ल नगर से अब्दुल रहमान निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में तीसरे बार चुनाव जीतकर पार्षद बने हैं। तीनों अधिवक्ता पार्षदो के साथ पंचायत चुनाव में निर्वाचित पंच पोहर पांडे व रामकुमार यादव का जिला अधिवक्ता संघ कोरबा द्वारा अधिवक्ता भवन में सम्मान समारोह आयोजित कर स्वागत किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सत्येन्द्र कुमार साहू ने निर्वाचित अधिवक्ताओं को अपनी शुभकामनाएं दी तथा आशा जताई कि न्यायालय परिसर में सुविधाओ के विकास में संघ के सचिव नूतन सिंह सहित अन्य पार्षदो का सहयोग मिलेगा।

## धोखाधड़ी के आरोपी सागर बजाज की अग्रिम जमानत की अर्जी कोर्ट ने खारिज की

**कोरबा, 20 फरवरी।** रायपुर के एक कारोबारी से लाखों रुपयों की धोखाधड़ी करने वाले कोरबा के जालसाज सागर बजाज की अग्रिम जमानत अर्जी न्यायालय ने खारिज कर दी है। जानकारी के अनुसार जालसाज सागर बजाज की ओर से जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर में अग्रिम जमानत की अर्जी पेश की गई थी। न्यायालय ने मामले की सुनवाई के बाद सागर बजाज की ओर से प्रस्तुत अग्रिम जमानत का आवेदन खारिज कर दिया। सागर बजाज पुलिस रिकॉर्ड में फरार चल रहा है, जबकि सूत्रों के अनुसार बुधवार 19 फरवरी को वह एक सफेदपोश के साथ रायपुर में चार पहिया वाहन में घूमता देखा गया है। बताया जाता है कि एफआई आर होने के बाद से वह पुलिस रिकॉर्ड में भले ही फरार है, लेकिन कोरबा में खुलेआम घूमता रहा है। उल्लेखनीय है कि जालसाज सागर बजाज ने रायपुर में एक कारोबारी से धोखाधड़ी की है। कोरबा के ठेकेदार ने इलाईट प्राइवेट कम्पनी के संचालक से चार ट्रक को 2 लाख 50 हजार रूपए प्रतिमाह किराया एग्रीमेंट बनाकर 6 लाख का चेक देकर धोखाधड़ी की है। पैसा मांगने पर गाड़ी वापस नहीं करने की धमकी भी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार रायपुर अंतर्गत 70 जी. टी. केपीटल होम सडडू निवासी क्षीर सागर ने मोवा थाना जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह निसान इलाईट प्रा. लि. का डायरेक्टर है। 6 माह पूर्व उसको कोरबा के सागर का फोन आया था। जिसमें उसने कम्पनी से चार ट्रक को 2,50,000- रूपये प्रतिमाह की दर से एग्रीमेन्ट कर प्लांट एवं माईन्स, अडानी पावर कठली रायगढ एवं डी बी पावर के लिए, कुसमुण्डा माईन्स मे लगाने का झांसा देकर चेक से एडवांस पेमेंट कर अपने बंधन बैंक खाता शाखा कोरबा के नाम से 4 और 5 लाख का चेक दिया था। जिसे लेकर क्षीर सागर ने कम्पनी से अपने चार ट्रक को सागर बजाज के पास कोरबा रवाना कर दिया। जहां ट्रकों को कुसमुंडा कोल माइंस और प्लांट में चलावाया जा रहा था। क्षीरसागर ने जब सागर बजाज के दिए चेक को बैंक में लगाया तो वह बैंक में अनादरित हो गया।

# चुनाव में धनबल, मांस, मदिरा का उपयोग अब हो गई है आम बात

- एक हाई प्रोफ़ाइल वार्ड में प्रत्येक घर ड्राई फ्रूट की सप्लाई भी की गई, प्रलोभन देने के अनेक रोचक किस्से देखने को मिले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 20 फरवरी।** नगर पालिका परिषद किरंदुल में हुआ वर्तमान चुनाव नेआज प्रबुद्ध,शिक्षित, विचारशील और बुद्धिजीवियों के समक्ष कई यक्ष प्रश्न खड़े कर दिए हैं, लोगों में आज यह चर्चा और विश्लेषण करने लगे हैं कि क्या सही में जनता किसी प्रत्याशी को मुद्दे के आधार पर या उसके पूर्व के संघर्ष के आधार पर या फिर प्रत्याशी के व्यक्तित्व या वादों के दृष्टिगत अपना मत प्रदान करती है या फिर धनबल प्रत्याशी के चयन में अहम भूमिका अदा करता है,यदि लोक तंत्र के आदर्शों की बात करें तो प्रथम कथन ही सत्य प्रतीत होता है किन्तु यदि यथार्थ और वास्तविकता की बात करें तो द्वितीय कथन यानि धनबल चुनाव में अहम भूमिका अदा करता है और कहीं न कहीं चुनाव के ऊपर हावी हो जाता है,चुनाव में चिकन, मांस, मछली और बेहिसाब बहती और वितरित होती मदिरा जो धनबल से उपजे हुए पदार्थ हैं और उक्त के बाद नगद राशि प्रलोभन बतौर भी प्रत्याशियों की तरफ से वितरित किया जाता है,चुनाव के दौरान विभिन्न वार्डों में निरन्तर व खुले आम चलने वाले शाकाहारी और मांसाहारी भंडारे मेरे कथन के समर्थन में हैं व मजबूती से मेरे शब्दों की पुष्टि करते हैं, मैने स्वयं कई वार्डों का रात्रि में सघन दौरा किया है एवं खुले आम मतदाताओं के बीच धन का वितरण होना दर्ज किया है, यहां यह गौर तलब है कि निकाय चुनावों में प्रत्याशियों को प्रचार प्रसार के लिए कागजी कार्यवाही से निपटने के उपरांत बामुश्किल लगभग आठ दिनों का समय मिला था, कोई भी जाकर देख सकता है कि इन आठ दिनों में मदिरा दुकान में की गई कुल बिक्री पूरे वर्ष की होने वाली कुल बिक्री को चुनौती दे रही है, यहां यह कदापि नहीं कहा जा सकता कि अचानक नगर की जनता का मदिरा से मोह बढ़ गया था या फिर बाहर से भारी तादाद में मदिरा प्रेमी नगर में गए थे सब लोकतंत्र के उत्सव चुनाव का ही असर था,सूत्रों से तो यह भी खबर है कि एक हाई प्रोफ़ाइल वार्ड में प्रत्येक घर ड्राई फ्रूट की सप्लाई भी की गई, प्रलोभन देने के अनेक रोचक किस्से इन चुनावों में दृष्टिगोचर हुआ इन सब के बाद अब यक्ष प्रश्न यह है कि क्या इन सब नीतियों के तहत चुन कर आए प्रतिनिधि जनता के साथ इंसाफ करेंगें।

## ड्यूटी के दौरान हुई पिता की मौत

**कोरबा, 20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के उरगा थाना क्षेत्र में पिता की मौत की खबर मिलने के बाद भी शिक्षक बेटे ने पहले अपनी चुनाव ड्यूटी निभाई और फिर नम आंखों से पिता का अंतिम संस्कार किया। 55 वर्षीय बजरंग पटेल की सीढ़ियों से गिरने के कारण मौत हो गई। मामला देवरमाल गांव की है। घटना के समय उनके बेटे चूड़ामणि पटेल की अकलतरा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चुनावी ड्यूटी पर तैनात थे। पिता की मौत की खबर मिलने पर भी चूड़ामणि शोक में डूब गए। एक ओर उनका मन पिता के अंतिम दर्शन के लिए बेचैन था, वहीं दूसरी ओर देश के लोकतांत्रिक कर्तव्यों का भी सवाल था। लेकिन चूड़ामणि ने पहले अपनी चुनाव ड्यूटी पूरी करने का फैसला किया। उन्होंने परिवार को संदेश भेजा कि उनकी ड्यूटी पूरी होने तक पिता का अंतिम संस्कार न किया जाए।

## पार्किंग से ट्रेलर की चोरी,पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

**कोरबा 20 फरवरी।** कोरबा-पश्चिम के कुसमुंडा थाना क्षेत्र में वाहन चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार भुट्टा चैक पार्किंग में खड़ी एक ट्रेलर वाहन को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। वाहन मालिक द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसके बाद पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गेवरा बस्ती निवासी सुरेंद्र यादव ने कुसमुंडा थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 15 फरवरी 2025 की शाम करीब 6 बजे उसने अपनी ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 10 आर 0498 को भुट्टा चैक पार्किंग में खड़ा किया था और फिर घर चला गया। अगले दिन 16 फरवरी 2025 की सुबह करीब 9 बजे जब वह पार्किंग स्थल पर पहुंचा, तो ट्रेलर वहां से गायब था। आसपास और जान-पहचान के लोगों से पूछताछ करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि वाहन को किसी अज्ञात चोर ने चुरा लिया है। घटना की सूचना मिलते ही कुसमुंडा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि चोरी से जुड़ा कोई सुराग मिल सके। कोरबा जिले में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

## कार्यशाला में शोध प्रतिवेदन लेखन के दिये टिप्स

- वर्तमान समय में रिसर्च की मार्केट वैल्यू अधिकः: डॉ. अभिषेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 20 फरवरी।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में पीएम उषा योजना के अंतर्गत नोडल महविद्यालय शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव एवं शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के आपसी सहयोग एवं समन्वय के तहत नेहरू महाविद्यालय के आईक्यूएसी एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में नवोन्मेषी शोध प्रविधि विषय पर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला के षष्ठ दिवस 14 फरवरी शुक्रवार को रिसर्च रिपोर्ट राइटिंग (शोध प्रतिवेदन लेखन) पर कार्यशाला आयोजित की गई । कार्यशाला के षष्ठ दिवस मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ के अव्वल दर्जे के इंजीनियरिंग महाविद्यालय भिलाई इंस्टिट्यूट टेक्नोलॉजी, दुर्ग के मैनेजमेंट विभाग के सहा.प्राध्यापक डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य एवं विषय विशेषज्ञ द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात ने विषय विशेषज्ञ डॉ. चक्रवर्ती का परिचय वाणिज्य विभाग के पूर्वेश बांधव द्वारा दिया गया। संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. रेवती द्वारा अपने स्वागत उद्बोधन में कहा गया कि डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती इसी महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र रहे हैं और निरंतर हमारे छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं । सात दिवसीय कार्यशाला से विद्यार्थियों के साथ स्टाफ को लाभान्वित हो रहे है। रिसर्च जैसे महत्वपूर्ण विषय पर उनका व्याख्यान निश्चित ही लाभदायक सिद्ध होगा।


मुख्य वक्ता डॉ. चक्रवर्ती द्वारा अपने वक्तव्य में कहा कि शोध प्रतिवेदन लिखना थोड़ा कठिन है । लिखने का तरीका ऐसा हो जो आसानी से समझ आए।

# जिंदगी तस्वीर भी है और तकदीर भी है फर्क तो सिर्फ रंगों का है

- निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 20 फरवरी।** जिंदगी तस्वीर भी है और तकदीर भी है फर्क तो सिर्फ रंगों का है 7 मनचाहे रंगों से बनाओ तो तस्वीर बनती है और अनजाने रंगों से बनाऐं सो तकदीर कहलाती है7÷ जो गुरुदेव हम सभी की तकदीर बनाने बाले है वह कल तक तो हमें पार्थिव रुप से चलते फिरते नजर आते थे लेकिन आज वह तस्वीर बने बैठे है7÷ उपरोक्त उदगार



निर्यापक श्रमण मुनि श्री समता सागर महाराज ने धर्म सभा कोम सम्वोधित करते हुये व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि आचार्य गुरुदेव ने अपने जीवन में बहुत उपलब्धि हांसिल की ही है। उनके द्वारा प्राणीमात्र को जो उपलब्धियां हांसिल हुई उनके पीछे मानव जाति तो क्या पेड़ - पौधे और पत्थर भी उनकी कृपा पाकर के धन्य हो गये। विहार करते करते जब एक गरीब की कुटिया में एक शिला पर बैठ गये तो वह शिला भी अनमोल हो गयी। मुनि श्री ने कहा कि आचार्य गुरूदेव ने क्षेत्रों का उद्धार तो किया ही किया साथ ही साथ दिशा विहीन तथा संस्कार विहीन समाज का भी उद्धार किया । लाखों युवा रूढीवादी परंपराओं के कारण मुनिराजों के आहार विहार तथा भगवान के अभिषेक एवं पूजा पाठ में कोई रूचि नहीं लेते थे। उम्र दराज होंने पर ही दीक्षा लेते थे लेकिन हमारे गुरूदेव ने युवाओं को वैरागी बनाया और वैरागियों को अच्छे तरह से शिक्षित किया परिणाम यह निकला कि शिक्षित युवाओं की एक बड़ी टीम आचार्य गुरुदेव के आकृषण से दीक्षित हुई और परिणाम आप सभी के सामने है। उन्होंने कुंडलपुर के बड़े बाबा को पुराने स्थान से नये स्थान पर विराजमान करने की घटना को प्रकाश में लाते हुये कहा कि जब युवा सरदार ने बड़ी - बड़ी मशीनों से सारे प्रयास कर लिये और वह थक हार कर गुरुदेव की शरण में आया गुरुदेव ने अपनी पिच्छिका उठाई और बड़े बाबा की ओर निहारा तो ऐसा लगा कि बड़े बाबा से छोटे बाबा कोई बात कर रहे है।

# किरंदुल साप्ताहिक बाजार में बनी रहती है हादसे की आशंका

- भारी वाहनों के आने-जाने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जो हर वक्त खतरे को खुला आमंत्रण है

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 20 फरवरी।** लौह नगरी किरंदुल का एक मात्र बाजार एक ऐतिहासिक धरोहर है,लगभग 1968 में एन एम डी सी के प्रोत्साहन और सहयोग से किरंदुल का बाजार स्थापित हो पाया तत्कालीन परिस्थितियों के मद्देनजर लौह नगरी किरंदुल का यह बाजार बिल्कुल सटीक था किन्तु कालांतर में जनसंख्या व प्रतिस्पर्धा बढ़ने के साथ ही यह स्पष्ट परिलक्षित होने लगा बाजार लगने का यह स्थान अब इतना दबाव सहने में सक्षम नहीं है व पूर्णतया व्यवस्थाएं ध्वस्त हो चुकी हैं,बाजार के मुख्य प्रवेश से होकर गुजरने वाला मार्ग लौह परिवहन की वजह से भारी वाहनों से निरंतर व्यस्ततम मार्गों में से एक है, और बड़ी मल्टी नेशनल कंपनियों की भारी मशीनरी की आवाजाही उक्त मार्ग पर बनी रहती हैं,यह एक विकराल समस्या है नगर में प्रति सप्ताह चार बजार लगते हैं जिसमें जनसैलाब उमड़ता है जो हर वक्त खतरे को खुला आमंत्रण है और सत्य तो यह की कई दफा दुर्घटना हो भी चुकीं है, इन्हीं सब समस्याओं के समाधान के लिए नगर पालिका परिषद किरंदुल द्वारा गांधी नगर के नीचे करोड़ों की लागत से हाट बाजार का निर्माण कराया गया सारी मूल भूत व्यवस्थाएं दी गईं, और व्यापारियों को वर्तमान परिस्थितियों से अवगत कराते हुए भविष्य में तेजी से होती जनसंख्या वृद्धि होने वाले भीषण परिणामों के विषय में अवगत कराते हुए बाजार को स्थानीय प्रशासन व जिला प्रशासन ने अथक प्रयास से गांधी नगर हाट बाजार में शिफ्ट कर दिया किन्तु चन्द दिनों बाद ही कुछ विघ्न संतोषी तत्वों और राजनैतिक हस्तक्षेप के चलते शासन प्रशासन की सारी कसरत और किया धरा विफल हो गया। बाजार फिर वापस अपनी पुरानी जगह पर लौट आया और उसी घिसी पिटी पुरानी परिपाटी पर तमाम खतरों के साथ अग्रसर है,उक्त घटना के बाद बाजार की परिस्थितियों की नाजुक स्थिति को दृष्टिगत स्थानीय प्रशासन व निकाय प्रमुख ने मामले में पुनः संज्ञान लिया और बाजार से गुजरने वाले मुख्य मार्ग से अतिक्रमण को बलपूर्वक खाली करवाया,अमर बेल की तरह फैले ठेले, खोमचे और चखना की गुमटियों को बाजार के निकट ही स्थित चौपाटी में व्यवस्था चाक चौबंद कर, बिजली पानी की समुचित व्यवस्था के उपरांत स्थानांतरित कर सभी व्यवसायियों को मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा स्थान आबंटन भी कर दिया गया, कुछ दिनों तक तो सब ठीक ठाक चलता रहा लेकिन पुनः इतिहास ने अपने आपको दोहराया पुनः विघ्न संतोषी तत्व सक्रिय हुए,राजनैतिक हस्तक्षेप हुआ और परिणाम वही ढाक के दो पात, स्थिति जस की तस विश्वस्त सूत्रों से ऐसा ज्ञात हुआ है कि नगर पालिका परिषद किरंदुल की चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत प्रशाशन तीसरा प्रयास करने के लिए तत्पर है, किन्तु एक यक्ष प्रश्न क्या पुनः प्रशाशन के प्रयास को विफल कर दिया जाएगा,क्या पुनः राजनैतिक हस्तक्षेप होगा क्या पुनः स्थानीय राजनैतिक प्रतिस्पर्धा और समीकरणों के वशीभूत बाजार की स्थिति जस की तस हो जाएगी और निकट भविष्य में किसी भयावह घटना के बाद ही लोगों की आंखे खुलेंगी यह सब भविष्य के गर्त में समाया हुआ है।

**शादी समारोह...**



जगदलपुर। विशेष विमान से बस्तर महाराजा के विवाह में शामिल होने महापौर संजय पाण्डे रवाना।

# नगर निगम ने संचालित किया मेगा स्वच्छता ड्राइव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोरबा, 20 फरवरी।** स्वच्छता महाअभियान के तहत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा टी.पी.नगर जोन के ढोढ़ीपारा वार्ड एवं सर्वमंगला जोन के इमलीछापर डगनियाखार में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर वृहद स्तर पर साफ सफाई के कार्य कराए गए। अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने निगम के अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न बस्तियों का भ्रमण करते हुए स्वच्छता कार्यो का सघन रूप से जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में विगत 25 जनवरी से नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड एवं बस्तियों में स्वच्छता महाअभियान चलाया जा रहा है, प्रथम चरण में 25 जनवरी से 06 फरवरी तक विभिन्न वार्डो में यह अभियान संचालित किया गया था, तत्पश्चात 17 फरवरी से पुनः अभियान का दूसरा चरण संचालित हो रहा है।

## राजिम कुंभ कल्प में 21 फरवरी से विराट संत समागम

# डोम, स्विस कॉटेज, कुटिया से सजा संत समागम क्षेत्र





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 20 फरवरी।** 12 फरवरी से प्रारंभ हुए राजिम कुंभ कल्प मेला की भव्यता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। वैसे तो राजिम कुंभ माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक आयोजित होता है। इसके अंतर्गत संत-समागम का भी आयोजन किया जाता है। इस बार संत समागम का उद्घाटन 21 फरवरी को होने जा रहा है, जो 26 फरवरी महाशिवरात्रि तक चलेगा। जिसमें विभिन्न धार्मिक स्थलों से साधु-संत शामिल होंगे।

इस बार राजिम कुंभ में संतों का आगमन शुरू हो चुका है। संतो के स्वागत हेतु कुंभ नगरी राजिम में संत समागम स्थल सजकर तैयार है। त्रिवेणी संगम स्थित संत समागम स्थल पर साधु-संतों, महामंडलेश्वरों, आचार्य महात्माओं के लिए विशाल डोम, स्विस कॉटेज, कुटिया तथा यज्ञ शाला का निर्माण किया गया है, जिसमें संत महात्माओं द्वारा विभिन्न प्रकार के यज्ञ अनुष्ठान को पूरी वैदिक रीतियों के साथ सम्पन्न कराया जाता है तथा संत समागम के विशाल मंच से संतों के प्रवचन आशीष वचन के रूप में श्रद्धालुओं को सुनने का पुण्य लाभ मिलेगा।

**पंडोखर सरकार का लगेगा दिव्य दरबारः** संत समागम परिसर में इस बार गुरुशरण महाराज ''पंडोखर सरकार'' का 21 से 25 फरवरी तक दिव्य दरबार लगेगा। जिसमें महाराज कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की विभिन्न दैहिक, दैविक एवं भौतिक समस्याओं का समाधान करेंगे। पंडोखर धाम एवं गुरुशरण महाराज के प्रति भक्तों की गहरी आस्था है। महाराज के आगमन को लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

**देशभर से पहुंचेंगे साधु-संत :** इस बार कुंभ कल्प में आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद भारती, महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद गिरी, महामंडलेश्वर नवल गिरी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद महाराज, महामंडलेश्वर मनमोहनदास महाराज, दंडी स्वामी सच्चिदानंद तीर्थ महाराज, चक्रमहामेरूपीठम, बाल योगेश्वर बालयोगी रामबालक दास महाराज, साध्वी महंत प्रज्ञा भारती, स्वामी ज्ञानस्वरूपानंद अक्रिय के अलावा बड़े-बड़े संत महात्मा शामिल होंगे। धर्मगुरुओं के अलावा हरिद्वार, प्रयागराज, कांसी, बनारस, मथुरा, वृंदावन, अयोध्या, अमरकंटक, चित्रकूट, उत्तराखंड से बड़ी संख्या में साधु-संतों की टोली राजिम कुंभ कल्प मेला में पहुंचेगी।

## समाचार संक्षेप

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को रिटर्निंग ऑफिसर ने दिया जीत का प्रमाण पत्र



**बीजापुर, 20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन अन्तर्गत निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सामान्य प्रेक्षक नीलम टोप्पो की उपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा जीत का प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया।



**भोपालपटनम, 20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भोपालपटनम एवं उसूर जनपद क्षेत्र में मतदान शुरू सुबह से ही मतदान केन्द्रों में लगी लंबी कतार।



**तिल्दा-नेवरा, 20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने आज त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के द्वितीय चरण में ग्राम तुलसी (नेवरा) के शासकीय प्राथमिक शाला परिसर स्थित मतदान केंद्र में वोट डालकर अपना दायित्व निभाया। ओर कहा मतदाताओं से भी अनुरोध है कि अपने-अपने मतदान केंद्रों में जाकर मतदान करें और अपने गाँव के विकास को गति देने में अपना योगदान दें।

## एक नजर

### अवैध शराब बेचने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई



**भोपालपटनम, 20 फरवरी।** बीजापुर कलेक्टर संबित मिश्रा सर के निर्देश पर और उपायुक्त आबकारी आशीष कोसम सर एवं जिला आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में आबकारी टीम बीजापुर ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आज आबकारी वृत्त भोपालपट्टनम द्वारा ग्राम चेंदुर थाना भद्रकाली पहुंचकर आरोपी के घर से लगे दुकान में बड़ी मात्रा मे नॉन ड्यूटी पेड एवं महुआ से बना अवैध शराब जब्त की गई. आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)ख, 34(2), 36, 59(क) के तहत प्रकरण कायम, गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय के समक्ष रिमांड हेतु पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्रीराम कावरे, वतन चौधरी आबकारी आरक्षक भरत वट्टी एवं शिवनारायण सेठिया, मिश्री लाल का सराहनीय योगदान रहा।

### विधानसभा सत्र के दौरान अवकाश पर नहीं जा सकेंगे अधिकारी-कर्मचारी

**बीजापुर, 20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधान सभा का पंचम सत्र 24 फरवरी 2025 से 21 मार्च 2025 तक आहूत किया गया है। उक्त अवधि में निर्धारित प्रश्नोत्तर काल के लिए प्राप्त विधानसभा प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय सीमा में शासन को भेजने संबंधी कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का है। कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे सक्षम अधिकारी के पूर्व स्वीकृति प्राप्त किये बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे तथा मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

### नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठ पीठासीन अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर, 20 फरवरी।** 8 मार्च को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठ पीठासीन अधिकारी का गठन किया गया है जिसके अंतर्गत जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बीजापुर, विकास सर्वे, अनुविभागीय (रा0) भैरमगढ़, यशवंत नाग अनुविभागीय अधिकारी (रा0) भोपालपटनम, भूपेन्द्र गावरे अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उसूर, डीआर ध्रुव तहसीलदार बीजापुर, लोकेश ठाकुर तहसीलदार गंगालूर को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## राजिम कुंभ कल्प में नागा साधुओं ने निकाली पेशवाई

# शरीर पर भभूत लगाकर साधु-संतों व बाबाओं ने लहराए अस्त्र-शस्त्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 20 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेला के दौरान तीर्थ क्षेत्र राजिम में उस वक्त दृष्य रोमांचित हो गया, जब नागा साधुओं ने पेशवाई निकाली। नागा संत शरीर पर भस्म लगा कर अपनी जटाओं को लहराते हुए बैंडबाजा, डमरू, नगाड़ा आदि वाद्य यंत्रों की धुन पर करतब दिखाते हुए शस्त्र प्रदर्शन किया। इस दौरान राजिम नगरवासी और मेला में आए श्रद्धालुओं की कतार नागा संतों के स्वागत में जुटी रही। लोग हर-हर महादेव के उद्घोष के बीच नागा संतों पर पुष्प वर्षा करते रहे।

बुधवार सुबह 12 बजे के बाद नागा संतों की टोली लोमष ऋषि आश्रम से राजिम दत्तात्रेय मंदिर के लिए रवाना हुई। दत्तात्रेय मंदिर में विविध धार्मिक अनुष्ठान के बाद संतों ने आराध्य देव को भोग लगाया और प्रसादी ग्रहण की। इसके बाद मंदिर परिसर में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया। यहां से नागा साधु संतों ने भगवान दत्तात्रेय को पालकी में विराजित कर पेशवाई प्रारंभ किया। पेशवाई दत्तात्रेय मंदिर से सुंदरलाल शर्मा चौक, व्हीआईपी मार्ग, राजीवलोचन-कुलेश्वर मार्ग होते हुए संत समागम स्थित अपने पंडाल में पहुंची, जहां विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर भगवान दत्तात्रेय को स्थापित किया गया।



पेशवाई के दौरान नागा साधु-संतों ने कई जगहों पर विभिन्न करतब दिखाते हुए शस्त्र प्रदर्शन किया। उक्त अखाड़ों को देखने और नागा-साधुओं का आशीर्वाद प्राप्त करने सड़कों के किनारे श्रध्दालुओं की भीड़ भक्ति भाव व रोमांच के साथ उमड़ पड़ी। राजिम नगर सहित क्षेत्र के आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में दर्शनार्थी उपस्थित होकर इस पेशवाई यात्रा के साक्षी बनते हुए अपने श्रध्दा के फूल समर्पित कर स्वंय को धन्य समझा। पेशवाई यात्रा में विभिन्न अखाड़ों के नागा-साधु, सन्यासियां अपने पारंपरिक आलौकिक श्रृंगार के साथ अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रहे थे। पेशवाई यात्रा में जूना अखाड़ा के अध्यक्ष महंत उमेशानंद गिरी, गोपाल गिरी महाराज, दिगम्बर संतोष गिरी महाराज, गोकुलगिरी महाराज, सिद्धेश्वरी पुरी महाराज, पद्मनीपुरी महाराज, कमलेश्वर नंद सरस्वती, गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल, मेला आयोजन समिति के सदस्य सचिव प्रतापचंद पारख सहित साधु संत शामिल हुए। वहीं राजिम थाना प्रभारी अमृत लाल साहू सहित पुलिस की टीम सुरक्षा व्यवस्था में लगी हुए थी, ताकि किसी प्रकार का कोई व्यवधान उत्पन्न न हो।

### कलाकार अपनी कला से सभ्यता, संस्कृति का श्रृंगार कर रहे

राजिम कुंभ कल्प में मुख्य मंच पर प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति हो रही हैं। मुख्यमंच के ऊपर पंचकोसी धाम के मंदिरों का प्रतिरूप बनाकर नये मेला मैदान में विशाल स्क् से सुसज्जित मंच बनाया गया है। मंच के सामने लगभग 10 हजार से अधिक दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की गई हैं। कार्यक्रम को करीब से देखने चारों ओर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं। मीडिया व वीआईपी लोगों के बैठने की अलग व्यवस्था की गई है। मंच पर भगवान राजीव लोचन की प्रतिमूर्ति स्थापित कर सुंदर फूलों से मंच को सजाया गया है। वैसे कलाकारों के लिए मंच एक बड़ा माध्यम होता हैं, जिसमें वे अपनी कला को प्रदर्शित करते हैं और नई उड़ान देते हैं। मंच से ही उनकी पहचान बनती हैं। प्रोत्साहन और दर्शकों का प्यार मिलता हैं। जिससे उनकी कला और अधिक निखर कर सामने आती हैं। अवसर मिलने पर कई कलाकारों की छुपी हुई प्रतिभा भी सामने आती हैं। राजिम कुंभ के विशाल मंच में विभिन्न स्थानों के कलाकारों का मिलन हो रहा हैं। जिससे एक दूसरे की संस्कृति को सीखने और जानने का मौका मिल रहा हैं।

## राजिम कुंभ कल्प मेला के मंच पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन



**राजिम, 20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजिम कुंभ कल्प मेला में बुधवार को आंचलिक हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें कवियों ने गीत, गजल एवं छत्तीसगढ़ की गौरवगान करते हुए शानदार माहौल बनाया। युवा शायर जितेन्द्र सुकुमार साहिल ने छत्तीसगढ़ की महिमा का गौरवगान करते हुए ''मेरी धड़कन है, मेरी जान है राजिम, मेरी छत्तीसगढ़ की शान है राजिम, जो यहां आता है, यहीं का हो जाता है, हर एक सख्श पर मेहरबान है राजिम'' की शानदार पंक्ति पढ़ी। गीतकार टीकमचंद सेन ने गीत सुनाकर समां बांध दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन धरती, कमलक्षेत्र पद्मावती पुरी राजीव लोचन कुलेश्वर धाम लगे जैसे अमरावती। कवि संतोष कुमार सोनकर मंडल की कविताओं ने खूब वाहवाही बटोरी। उन्होंने कहां जाबे काशी मथुरा, राजिम हाबे तीरथ धाम, सिरपुर, आरंग, भोरम के जम म छागे नाम की कविता पढ़ी। रोहित साहू माधुर्य ने देश भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि मां तेरे उन सपूतों को मेरा प्रणाम कह देना। नरेंद्र कुमार साहू पार्थ ने बेटियों पर कविता सुनाते हुए कहा कि बेटा-बेटी के बाढ़त उमर, दाई ददा ल बियापत हे। कवि भोजराम साहू ने छत्तीसगढ़ के पावन माटी, मोर माथ के चंदन हे, अईसन छंईयां भुंईहा ल मोर घेरी-बेरी वंदन हें की कविता सुनाई। इस मौके पर कवि नूतन लाल साहू, छग्गूयास आडिल, रामेश्वर साहू, भुवन लाल श्रीवास, मकसुदन बरीवाला, मोहनलाल मानिकपन, डॉ. रमेश सोनसायटी, प्रदीप साहू कुंवर दादर की कविताओं ने माहौल बना दिया।

**सर्वव्यापी श्रीराम का पुस्तक का विमोचनः** मंच पर उपस्थित कवियों के द्वारा डॉ. मुन्नालाल देवदास द्वारा रचित पुस्तक सर्वव्यापी श्रीराम का विमोचन किया गया। इस मौके पर उन्होंने अपनी पुस्तक के बारे में प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन गोकुल सेन ने किया।

# नेशनल गेम्स के पदक विजेताओं का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 20 फरवरी।** स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में सॉफ्टबॉल अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 नेशनल गेम्स का आयोजन महाराष्ट्र के जलगांव और औरंगाबाद में हुआ था जिसमें अंडर 14 गर्ल्स टीम छत्तीसगढ़ प्रदेश को सिल्वर मेडल अंडर 17 बॉयज में सिल्वर मेडल और अंडर-19 बॉयज में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ है। अंडर 14 गर्ल्स में अनुराधा कोवासी, स्मिता मारपल्ली और त्रिवेणी मारपल्ली वहीं अंडर 17 बॉयज में संजय ताती और अंडर-19 में राकेश कड़ती शामिल थे। अनुराधा ने अब तक 5 नेशनल खेले हैं वहीं संजय ने 6 नेशनल और राकेश कड़ती ने अब तक 13 नेशनल और 1 इंटरनेशनल खेला है। कलेक्टर संबित मिश्रा ने मेडलिस्ट खिलाड़ियों को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।



इस दौरान अकादमी के प्रभारी डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल एवं अंतर्राष्ट्रीय कोच जिले के श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार मौजूद थे। वहीं सीनियर नेशनल खेलने प्रदेश की सॉफ्टबॉल टीम 21 को रायपुर रेलवे स्टेशन से अमरावती के लिए रवाना होगी प्रदेश की टीम में बीजापुर से रेणुका तेलम, विमल तेलम, ज्योति हेमला और चंद्रकला तेलाम वही बॉयज में भूपेंद्र हेमला शामिल है प्रदेश की सॉफ्टबॉल महिला टीम के कोच का दायित्व सोपान कर्णेवार को दिया गया है।

## राजिम कुंभ कल्प के सांस्कृतिक मंच पर अनुराग शर्मा के गीतों पर झूमे दर्शक, दर्शकों की उमड़ी भीड़



राजिम। राजिम कुंभ कल्प के सातवें दिन छत्तीसगढ़ के विशाल मंच स्टार नाईट अनुराग शर्मा के सुमधुर गीतों ने दर्शका को झूमने पर मजबूर कर दिया। अनुराग शर्मा ने कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ की। इसके बाद एक से बढ़कर एक छत्तीसगढ़ी और फिल्मी गानों ने दर्शका का भरपूर मनोरंजन किया। सुपर हिट गीत अंग-अंग म बसाहु तोर मया..., धीरे-धीरे दिल तेरा चुराएंगे..., जब से तुम्हे देखा..., धरती म हे कोनो न कोनो आकाश म..., तुमसा कोई प्यारा कोई..., छुनूर छुनुर पैरी बाजे रे..., गीतों की प्रस्तुति ने हर दर्शकों का मन रोमांचित से भर दिया। अनुराग शर्मा को सुनने दर्शकों की भारी भीड़ रही। इसी मंच पर रामावतार चंद्राकर की टीम ने वो काली माई..., मेला म पान ठेला..., गीतों को दर्शकों का बहुत प्यार मिला। रोशन साहू हमर छत्तीसगढ़ लोककला मंच ने छत्तीसगढ़ी गीतों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्होंने सिंदूर मांगे..., झूम झूम के नाच ले..., गौरा-गौरी... और बस्तर की लोक कला और संस्कृति की झलक प्रस्तुत की, जिसे बहुत ही सराहना मिली। छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध गायिका रामदत्त जोशी बहनों ने तोर घर म अवतार ले यशोदा..., छत्तीसगढ़ महान हे..., कोठा म पैरा डाले...जैसे गानों को सुमधुर आवाज से मंच को सुशोभित किया और खूब तालियां बटोरी। दाई नई बचो-ददा नई बचो..., गौरी गौरा..., सुआ नृत्य और राउत नाचा से छत्तीसगढ़ की संस्कृति का बहुत ही सुंदर ढंग से बखान किया।

**महाशिवरात्रि विशेष**

# जटाशंकर मंदिर शिवधाम पर्वत में महाशिवरात्रि पर पहुँचते हैं हजारों भक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 20 फरवरी।** धर्म नगरी डोंगरगढ़ के पहाड़ों वाली देवी मां बमलेश्वरी देवी मंदिर के दक्षिण पश्चिम दिशा में एक विशाल पर्वत पहाड़ी के ऊपर जटाशंकर महादेव का वह स्थान मौजूद जिस पहाड़ी पर जटाशंकर महादेव का यह स्थान मौजूद है वह पहाड़ी अपने आप में शिवलिंग का आकार लिए हुए प्रतीत होती है क्षेत्र के बुजुर्ग लोगों की जन श्रुति यह पता चलता है की इस क्षेत्र में प्राचीन काल से शंभू महादेव के उपासकों का निवास रहा है।

एक कथाओं से ज्ञान होता है कि प्राचीन काल में बहुत बड़ा आस्था मूलक समाज शंभू महादेव के त्रिशूल मार्ग का अनुवाई था मंदिर से, 180 फुट लंबाई पूर्व में एवं 87.5 फुट लंबाई उत्तर में लिए हुए इस पहाड़ी के ऊपर एक विशाल मैदान है यहां पर एक साथ करीब 5000 लोग बैठ सकते हैं शंभु महादेव के त्रिशूल मार्ग में आस्था रखने वाले विचारकों का मत है कि यहां बैठकर सभी महादेव द्वारा बताए हुए जीवन के लिए परम उपयोगी एवं कल्याणकारी त्रिशूल मार्ग का श्रवण किया करते थे त्रिशूल मार्ग के श्रवण से लोग महा ज्ञानी योग सिद्ध और शक्तिशाली बनते थे इस प्रकार यह स्थान स्वयं प्राकृतिक कालचक्र में समायोजित किये हुए अपने वास्तविक अस्तित्व को बनाये हुए आज भी नवसत्व के रूप में आज हमारे सामने विधमान है।



डोंगरगढ़ के स्थानीय निवासी 50 वर्षीय स्वर्गीय श्रीयुत भगोली जो कि अब इस दुनिया मे नही रहे वे अनुभव एवं स्मृति से परिचित आयुर्वेदिक जड़ी बूटिया को खोजने के लिए अपने साथियों के साथ बम्लेश्वरी पहाड़ी के आस पास जाया करते थे उस समय वे ग्राम गाजमर्रा कल्याण पुर से करीबी संबंध थ अक्सर उनका आना जाना लगा रहता थ एक दिन उनकी पत्नी को सपना दिखा की पहाड़ी पर भगवान शंभू महादेव उन्हें स्वयं पुत्र प्राप्ति का आशीर्वाद दे रहे हैं इस सपना के बारे में उन्होंने अपने पति को बताया कुछ समय पश्चात शंभू महादेव द्वारा उनको दिया हुआ आशीर्वाद सत्य साबित हुआ उसे समय उसे पर्वत पर मंदिर नहीं बना था तब से उस स्थान से अटूट श्रद्धा हो गई और वह सदैव उसे स्थान को संभु के स्थान के रूप में पूजते रहे वह कभी भी उसे स्थान को प्रणाम किए बिना नहीं गुजरते थे उनके द्वारा हर शिवरात्रि के समय उसे स्थान पर श्रीफल अर्पित किया जाता था उसे श्रद्धा भक्ति को निरंतर आज भी उनके पुत्रों द्वारा जारी रखा हुआ है आज भी उसके पुत्र हर शिवरात्रि को नियमित रूप से उसे स्थान पर श्रीफल अर्पित करते आ रहे हैं।

सन 1998 में वरिष्ठ शिक्षक बी डी दत्ता ने इस पर्वत का जीर्णोद्धार करने का कार्य प्रारम्भ किया एवं ग्रामीण लोगो के सहयोग एवं समन्वय से इस पहाड़ी पर मंदिर का निर्माण कराया जिसका निर्माण एवं विकास कार्य प्रक्रियाधीन है अब इस पर्वत पर बने मंदिर के विकास हेतु जटा शंकर मंदिर ट्रस्ट अस्तित्व में है यह पर महाशिवरात्रि के समय लोगो का जमावड़ा रहता हैं यहां पर हर पत्थरो में सांपो का आकृति देखने को मिलती है और सावन महीने में नागराज को साक्षात देखा जा सकता है।

पंडित आशिष शुक्ला ने बताया कि हर वर्ष इस पर्वत पे शिव भक्तों का रेला रहता है और लोग अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए भगवन शिव को फल अर्पित करते है इसी प्रकार से हर सोमवार को दर्शन करने जाने वाले अमित तुमने व घनश्याम यादव ने बताया कि शिव भक्तों का भीड़ यह पर हमेशा रहता है मेरा गुजरिष है कि इस मंदिर के विकास के लिए प्रशसन को कुछ करना चाहिए।

## एक नजर

### जिले के नगरीय निकायों में आदर्श आचार संहिता प्रभावशून्य घोषित

**बालोद, 20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने आदेश जारी कर जिले के नगरीय निकायों में आदर्श आचार संहिता प्रभाव शून्य घोषित किया है। उल्लेखनीय है कि जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत 15 फरवरी 2025 को मतगणना संपन्न हो गई है। जिसके अंतर्गत जिले के नगर पालिका परिषद बालोद एवं दल्लीराजहरा, नगर पंचायत गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा, डौण्डी, चिखलाकसा एवं अर्जुंदा में आदर्श आचार संहिता प्रभाव शून्य घोषित की गई है।

### 30 पाव देशी मसाला और प्लेन शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 19.02.2025 को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर मोटरसाइकिल के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध रूप से शराब ले जाते हुए 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 3300 कीमत मूल्य का 30 पाव देशी मसाला एवं प्लेन शराब तथा अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्र. छत्22 छ्व 4088 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम राजकुमार कुर्रे उम्र 41 साल निवासी इंदिरा कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली है।

### सुहेला में रक्तदान शिविर का आयोजन




**बलौदाबाजार, 20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर तथा जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष दीपक सोनी के निर्देश पर रेडक्रॉस सोसाइटी बलौदा बाज़ार के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन सुहेला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से आरंभ हुआ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि रक्तदान शिविर हेतु दान दाताओं को प्रोत्साहित किया गया। शिविर के आयोजन में रक्त संग्रहण हेतु रायपुर की रेडक्रॉस टीम पहुंची। रक्तदान एक बड़ी समाज सेवा है क्योंकि इसके माध्यम से किसी मरीज की जान बचाई जा सकती है। 18 से 65 वर्ष का व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 हो वह रक्तदान कर सकता है। एक बार मे 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। एक व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कोई कमज़ोरी नहीं आती है। रक्तदान से प्राप्त रक्त से प्रसव, दुर्घटना, सर्जरी के साथ-साथ एनीमिया, सिकल सेल और हीमोफीलिया के मरीजों को भी मदद मिलती है जिन्हें समय-समय पर रक्त चढ़ाने की जरूरत होती है। जिला कलेक्टर ने इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक सहभागिता निभाकर लोगों से रक्तदान करने की अपील की है।

### त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के द्वितीय चरण में विकासखण्ड के विभिन्न मतदान केंद्रों में डाले गए वोट

# बुजुर्गों, युवाओं व महिलाओं में दिखा मतदान के प्रति उत्साह



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 20 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के द्वितीय चरण के अंतर्गत आज जिले के बालोद विकासखंड के ग्राम नेवारीकला में प्रातः 07 बजे से मतदान शुरू हुआ। जिसमें आत्माराम यादव उम्र 76 वर्ष ने अपना मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान किया साथ ही उनके पुत्र एलेंद्र यादव ने भी मतदान किया।

जिले के विकासखंड के ग्राम पंचायतों में मतदान की प्रक्रिया जारी है। ग्राम सिवनी स्थित मतदान केंद्र में लोगों ने मतदान के प्रति दिखाई जागरूकता, मतदान केंद्र के बाहर सुबह से लंबी कतार लगाई।

#### सभी वर्गों ने निभाई सहभागिता

ग्राम सिवनी स्थित मतदान केंद्र में पहुंची बुजुर्ग मतदाता 80 वर्षीय बसंता बाई और 72 वर्षीय संतरी बाई ने अपने मत का किया प्रयोग। तथा ग्राम सिवनी मतदान केंद्र के युवाओं में मतदान के प्रति दिखा उत्साह। युवा मतदाता पिंटू देवांगन, मिलेश पटेल, विवेक सिंहा और समारू नेताम ने मतदान केंद्र में की गई व्यवस्थाओं के ली जताई खुशी। ग्राम झलमला स्थित मतदान केंद्र में पहुंचे युवा मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। युवा मतदाता वैभव सिंह, दीपा, देव श्री, कनिष्का और देविका ने मतदान कर जाहिर की खुशी।

### मतदान दलों के मतदान केन्द्रों में सकुशल पहुँचने पर किया गया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बालोद, 20 फरवरी। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले के बालोद विकासखण्ड में गुरूवार 20 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान हेतु मतदान दलों के सकुशल मतदान केन्द्रों में पहुँचने पर वहाँ उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

## संवेदनशील मतदान केंद्रों में पर्यवेक्षकों की पैनी नजर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने बुधवार को संवेदनशील मतदान केंद्रों में नियुक्त पर्यवेक्षकों की ऑनलाइन बैठक ली। उन्होंने सुचारु रूप से मतगणना संपन्न कराने के लिए मतदान केंद्रों में कड़ी नजर रखने के निर्देश दिये।

कलेक्टर नें कहा कि 20 फ़रवरी 2025 को जनपद पंचायत कसडोल निर्वाचन क्षेत्र में 293 मतदान केंद्रों में मतदान होना है जिसमें से 37 मतदान केंद्रों को संवेदनशील केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इन 37 संवेदनशील मतदान केंद्रों में किसी प्रकार की विवाद से निपटने तथा शांतिपूर्ण मतगणना संपन्न कराने के लिए एक-एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षक लोगों को यह विश्वास दिलाएंगे कि



उनकी उपस्थिति में मतगणना निष्पक्ष होगी। उन्होंने सभी पर्यवेक्षक आवंटित मतदान केंद्र में 20 फ़रवरी 2025 को अपरान्ह 1 बजे तक आवश्य पहुंच जाएं। मतदान समाप्त होने के पश्चात अपनी सम्पूर्ण देख -रेख में मतगणना संपन्न कराकर मतदान दलों को सुरक्षित वापसी हेतु वाहन तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि केवल लिखित शिकायत ही स्वीकार करनी है और परिणाम घोषणा के बाद कोई शिकायत स्वीकार नहीं होगी। संवेदनशील मतदान केंद्रों में ग्राम पंचायत साबर, छेछर, सर्वा, भदरा, झबड़ी, खैरा क, बलौदा, गिधोरी, खपरीडीह, खपराडीह, मोहतरा ह, हसुवा, कटगी, सेल, छाँछी, छरछेद, मड़वा, मटिया, बरेली, सुकली, गिररौद, दर्रा म, बैगनडबरी, पटपुरा, अर्जुनी ब, बल्दाकछार, राजादेवरी, बिलारी ज़, कुरमाझर, थरगांव, बार, मुरुमडीह, बड़गांव, बया, चांदन, छतवन, रिकोकला शामिल हैं।

### 903 पंचायत प्रतिनिधि चुनने के लिए मतदान

**बलौदाबाजार, 20 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अंतर्गत द्वितीय चरण में जिले के विकासखंड कसडोल अंतर्गत 293 मतदान केंद्रों में मतदान चल रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने बुधवार को मतदान सामग्री वितरण स्थल स्व. दौलतराम शर्मा शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय कसडोल पहुंचकर सामग्री वितरण का जायजा लिया। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शितापूर्ण मतदान एवं मतगणना संपन्न कराने मतदान दलों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होने मतदान दलों के लिए विश्राम एवं भोजन की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। वितरण केंद्र से मतदान सामग्री प्राप्त करने एवं सामग्रियों का मिलान करने के उपरांत मतदान दल निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए वाहन से रवाना हुए। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत 293 मतदान केंद्रों में 179600 मतदाता जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच चुनने मतदान करेंगे।मतदाताओं में 89767पुरुष, 89832महिला एवं 1 अन्य शामिल हैं। पंच पद के 763, सरपंच के 111, जनपद सदस्य के 25 एवं जिला पंचायत सदस्य के 4 पदों के लिए मतदान होगा। पंच पद के लिए 1741, सरपंच के लिए431, जनपद सदस्य के लिए 123 एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए 29 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे है।



**तिल्दा-नेवरा, 20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत ग्राम पंचायत सुपेला में युवाओं ने बढ़चढ़कर मतदान किया।



**तिल्दा-नेवरा, 20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में गांव गांव में सुबह सात बजे से मतदान केंद्रों में लाइन लगी हुई है गांव बिलाड़ी परसदा सरोरा तुलसी नेवरा टड़वा सहित अनेक गांवों में मतदाओं में भारी उत्साह देखा गया है।

## शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर लगाया गया जुर्माना

- **शराब पीकर वाहन चलाने वाले 9 वाहन चालकों को पर एक लाख का अर्थदंड**
- **ब्रेथ एनालाइजर से यातायात शाखा बलौदाबाजार, भाटापारा एवं कसडोल में चेकिंग कर चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 फरवरी।** जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु ÷ऑपरेशन विश्वास÷ के तहत यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा बलौदाबाजार, कसडोल एवं भाटापारा में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 09 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया।

पुलिस द्वारा इन सभी 09 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें आज दिनांक 18.02.2025 को माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 06 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10, 000-10, 000 तथा 03 प्रकरण मे वाहन चालक को 15, 000-15, 000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्यवाही में माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 09 वाहन चालकों को कुल 1, 05, 000 (एक लाख पांच हजार रूपये) का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## कमजोर प्रदर्शन वाले स्कूलों का मेंटर स्कूल करेंगे सहयोग

- **सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सहित 6 प्राचार्यों को नोटिस जारी करने के निर्देश**
- **कलेक्टर ने ली बोर्ड परीक्षा की तैयारी के सम्बन्ध में प्राचार्यो की बैठक**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 फरवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी के सबंध में प्राचार्यो की ऑनलाइन बैठक ली। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में जिले का बेहतर प्रदर्शन के लिए कम समय में अधिक प्रयास करने प्रचार्यो को निर्देशित किया। उन्होंने प्री बोर्ड परीक्षा में जिन स्कूलों का प्रदर्शन कमजोर रहा उन स्कूलों की स्थिति बोर्ड परीक्षा में बेहतर करने के लिए अच्छे प्रदर्शन करने वाले स्कूल को मेंटर निर्धारित करने कहा और मेंटर स्कूल के शिक्षक कमजोर प्रदर्शन वाले स्कूलों आवश्यक सहयोग व छात्रों को मार्गदर्शन देने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने प्री बोर्ड परीक्षा में कमजोर प्रदर्शन के बावजूद बोर्ड परीक्षा की तैयारी में लापरवाही बरतने के कारण सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिमगा, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय औरैठी, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खपराडीह, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जांगड़ा, शासकीय बहु उद्देशीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा एवं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय करमदा के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर नें कहा कि प्री बोर्ड परीक्षा में एक या दो विषय में फेल होने वाले विद्यार्थियों पर ज़्यदा ध्यान देकर बोर्ड परीक्षा में पास होने लायक तैयारी कराएं। रिमेडियल क्लास में बच्चों की शांकाओ को दूर करें। उन्होंने कहा कि प्राचार्यो के लिए कसौटी है कि अपने स्कूल में कितने छात्र बेहतर नंबर में पास हो रहे है और कितने फेल हो रहे हैं। बेहतर परिणाम लाने के लिए स्कूल स्तर पर रणनीति बनाएं, छात्रों को मोबाइल में चैट जीपीटी का उपयोग कर विषय से सम्बंधित तैयारी करने में सहयोग कर सकते हैं। बताया गया कि प्री बोर्ड परीक्षा में सिमगा एवं भाटापारा विकासखंड के ज्यादातर स्कूलों का प्रदर्शन औसत रहा वहीं कसडोल एवं पलारी विकासखंड के स्कूलों का बेहतर परिणाम रहा। इस वर्ष 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा 1 मार्च 2025 से प्रारम्भ होने जा रहा है।बैठक जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित सहायक संचालक व जिला समन्वयक उपस्थित थे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4**
**मामले की श्रेणी–राजस्व**

संदर्भः- जिला-दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.नं.-00002 मोहलई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-
**CG-2024-25-111-1-6997**

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00002 के अतर्गत ग्राम मोहलई के वर्तमान भूमि स्वामी अहिल्या देवी शर्मा पिता/पति-स्व. नारायण प्रसाद शर्मा पता-दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 595/35(0.0098) में प्रस्तावित भूमि स्वामी/क्रेता शैलेन्द्र कुमार शर्मा पिता/पति-स्व. आनंद शर्मा पता-दुर्ग, सागर शर्मा पिता/पति-स्व. आनंद शर्मा पता-दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27/02/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4 पर की जावेगी।

उपरोक्त के सबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/अधिवक्ता/आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/02/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**DHAL SINGH BISEN**
**TEHSIL DURG**


### संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में

## कलेक्टर ने पशुपालन, मछलीपालन एवं उद्यानिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 20 फरवरी।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में पशुपालन, मछलीपालन एवं उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित विभाग के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने विभागों के कार्यों से आम जनता को अधिक से अधिक लाभान्वित कर उनके आय सृजन के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, उद्यानिकी एवं मत्स्यपालन विभाग के सहायक संचालकों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने संबंधित विभागों के द्वारा निर्धारित लक्ष्य एवं उपलब्धि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

इस दौरान चन्द्रवाल ने पशु चिकित्सा विभाग के अंतर्गत जिले में विभागीय पद संरचना के संबंध में भी उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं से जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जिले में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन, पशु उपचार, बधियाकरण, शल्य क्रिया, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भधारण, प्राकृतिक गर्भधारण आदि के निर्धारित लक्ष्य एवं उपलब्धि के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने बैठक में उपस्थित पशु चिकित्सकों एवं विभागीय अधिकारियों से



विभाग के द्वारा निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने हेतु किए गए उपायों के संबंध में बारी-बारी से जानकारी ली। उन्होंने निर्धारित लक्ष्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने मत्स्य विभाग के कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित मत्स्य विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार, जीविकोपार्जन के साधन एवं पौष्टिक आहार में मत्स्य व्यवसाय का महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित करने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में चन्द्रवाल ने शासकीय एवं निजी क्षेत्रों के अंतर्गत जिले में उपलब्ध मत्स्य बीज उत्पादन संसाधन एवं जिले में मत्स्य महासंघ के अधीन सिंचाई जलाशय आदि के कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए विकासखण्डवार जिले में नदी एवं कछारों के तट पर सब्जी उत्पादन के कार्य के संबंध में जानकारी ली। जिले में फ्ल उत्पादन के निर्धारित लक्ष्य एवं उपलब्धि तथा वर्ष 2024-25 में सब्जी क्षेत्र विस्तार के निर्धारित लक्ष्य एवं उपलब्धि की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित कर आम जनता को उसका अधिक से अधिक लाभ प्रदान करने हेतु समुचित उपाय करने को कहा।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर**
नगर निगम मुख्यालय, गांधी मैदान के पास, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. : 0771-2535780, 90, फैक्स. : 0771-2227395,
ई-मेल :- sbmrmc2023@gmail.com

क्रमांक : 693/SBM/नपानि/2024-25 रायपुर, दिनांक : 19/02/2025

**रूचि की अभिव्यक्ति**

नगर पालिक निगम, रायपुर सीमा क्षेत्र के तहसील कार्यालय स्थित टॉयलेट काम्पलेक्स के संचालन एवं संधारण हेतु पे एण्ड यूज आधार पर इच्छुक व्यक्ति/एजेंसी/फर्म/ कंपनी से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 05/03/2025 सायं 5.00 बजे तक रूचि की अभिव्यक्ति के तहत् आमंत्रित है। संबंधित संस्थाएं अपनी दरें केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। इस हेतु विभाग द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र दिनांक 28/02/2025 तक आवेदन शुल्क राशि रू. 500/- के डिमांड ड्राफ्ट (वापसी योग्य नहीं), जो आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से देय होगा, जमाकर मुख्यालय के स्वच्छ भारत मिशन शाखा से प्राप्त कर सकता है। नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारियां कार्यालयीन समय पर स्वच्छ भारत मिशन शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता ( SBM )**
**नगर पालिक निगम,**
**रायपुर ( छ.ग. )**

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

## एक नजर

### नारायणी ने वृद्धजनों के साथ मनाया स्थापना दिवस

**रायपुर, 20 फरवरी।** सामाजिक - साहित्यिक क्षेत्र की अग्रणी संस्था नारायणी साहित्यिक संस्थान ने अपना स्थापना दिवस वृद्धजनों के साथ मनाया। संस्था की अध्यक्ष डॉ. मृणालिका ओझा ने बताया कि ग्रास रूट सोसायटी द्वारा सुंदर नगर में संचालित प्रशामक देख - रेख गृह ( वृद्धाश्रम ) में मनाया। इस अवसर पर वृद्धजनों को न केवल भोजन कराया गया अपितु राशन सामग्री, डिशवॉश सहित संस्था में रहने वाले भवतोष, बुधराम जैसे अस्वस्थजनों के लिए चिकित्सकीय सामग्री भी प्रदान की गई। कैंसर यूनिट, मेकाहारा के पास संचालित चरामेति निः शुल्क भोज सेवा का आयोजन भी किया गया। विभिन्न भाषा बोलियों के संग्रहालय हेतु तेलुगू ( इनाडु , आंध्र ज्योथि )एवं उर्दू भाषा के समाचार पत्र सियासत सहित उर्दू लिपि में सिंधी भाषा के भजनों की पुस्तक रसालो सचल सरमस्त भी प्राप्त हुई। ज्ञातव्य है कि इस संग्रहालय में 60 से ज्यादा भाषाओं के करीब 150 से कैलेंडर एवं अनेक भाषाओं के समाचार पत्र, पत्रिकाएं संग्रहित है। इस अवसर पर राजेंद्र ओझा, किशोर, ह्रषिक, किअंश, पार्थ एवं देख रेख गृह की ममता शर्मा, ज्योति आदि उपस्थित थे।

### उच्च शिक्षा का प्रमुख विकल्प है आईटीएम

**रायपुर, 19 फरवरी।** परीक्षा का दौर जारी है, इसके परिणाम आने के साथ ही कॉलेज में एडमिशन लेने वाले छात्रों के लिए एक उचित कॉलेज की खोज शुरू हो जाएगी, जो अच्छे शिक्षण के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी अव्वल हो। छात्रों की इस जरुरत को रायपुर स्थित आईटीएम यूनिवर्सिटी अच्छी तरह पूरा करती है, जो विश्वस्तरीय शिक्षा, टॉप रैंकिंग और विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियां प्रदान करती है। स्वच्छता और पर्यावरण अनुकूलता के लिए इसे ग्रीन चैंपियन अवॉर्ड और एमएचआरडी का सबसे स्वच्छ गैर-आवासीय परिसर घोषित किया गया है। शैक्षणिक क्षेत्र में इसे एनएएसी बी+ मान्यता और ओबीई रैंकिंग में ए3 बैंड प्राप्त है। यूनिरैंक ने इसे लगातार तीन वर्षों तक छत्तीसगढ़ में नंबर 1 स्थान दिया है, जबकि नवाचार में एआरआईआइए 4-स्टार और आईआईसी 3-स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है। खेलों में भी यह यूनिवर्सिटी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है।

### खंबे से टकराई कार, दो छायाकारों की मौत

**रायपुर, 20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में आये दिन सड़क हादसे में कई लोग अपनी जान गवा रहे है, इसके बावजूद लोग यातायात नियमों का



पालन नहीं कर रहे है, वहीं राजधानी रायपुर में भी भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। घटना विधानसभा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार संदीप राय 28 वर्ष वेस्ट बंगाल निवासी और दीपक साहू कोरबा निवासी दोनों फोटोग्राफर थे, जो रायपुर के शंकर नगर इलाके में किराए के मकान में रहते थे, दोनों कार में सवार होकर कही जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार में कार होने से उनकी कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खंबे से टकरा गई। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई है। सुचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल पंहुचा दिया है। वहीं मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### नोटिस का जवाब जरूर दूंगा: जुनेजा

**रायपुर, 20 फरवरी।** नगरीय निकाय चुनाव में मिली बड़ी हार के बाद कांग्रेस के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा



ने भी पीसीसी चीफ दीपक बैज के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व में बदलाव की मांग उठाई थी। लेकिन, उनके इस बयान को पार्टी ने अनुशासनहीनता मानते हुए उन्हें नोटिस जारी किया गया था।नोटिस मिलने के बाद उन्होंने अब सफाई भी दी है। पीसीसी से नोटिस मिलने के बाद पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा कि, मैने संगठन में बदलाव की बात कही है। हम चार चुनाव हार गए हैं, तो अब बचा ही क्या है? मैने व्यक्तिगत किसी का नाम नहीं लिया और ना लूंगा। संगठन मतलब पूरा संगठन, आज भी कहता हूं कि, संगठन में बदलाव परिवर्तन होना चाहिए। मुझे अकेले टारगेट क्यों कर रहे है? उन्होंने आगे कहा कि, हार के बाद कई लोगों के बयान आए हैं। सोशल मीडिया में भी हार के बाद इस्तीफे की मांग कर रहे है। लेकिन अकेले मुझे नोटिस दिया गया। इसके पीछे क्या कारण है? मै कल तक नोटिस का जवाब जरूर दूंगा।

## मोदी-साय सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का होगा उल्लेख

# राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होगा बजट सत्र

- नक्सलवाद का खात्मा करने सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 20 फरवरी।** विधानसभा का बजट सत्र का आगाज राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होगा। 24 फरवरी से शुरू होने वाले सत्र में भाजपा शासन के कल्याणकारी कार्यक्रमों व नीतियों तथा नक्सलवाद को समाप्त करने जैसे विषयों पर आधारित अभिभाषण का पठन राज्यपाल रमेन डेका करेंगे।

विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार सचिवालय द्वारा विधानसभा के बजट सत्र की सभी तैयारियां शुरू हो गई है। सभी प्रश्नों के जवाब मंगा लिए गए हैं। ध्यानाकर्षण की सूचना के जवाब मंगाए जा रहे हैं। विधानसभा के प्रथम दिन 24 फरवरी को प्रातः 11.05 बजे राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके पहले राष्ट्रगान होगा। राज्यपाल की अगुवानी विस अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष एवं संसदीय मंत्री करेंगे। राज्यपाल का भाषण संक्षिप्त एवं सारगर्भित होगा। इसमें छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को समाप्त करने का विशेष रूप से उल्लेख होगा। मोदी और साय सरकार की कल्याणकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों का भी हवाला दिया जाएगा। अधोसंरचना, शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र में सरकार की भावी योजनाओं के बारे में बताया जाएगा।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम**-सत्र को देखते हुए विधानसभा के आसपास धारा 144 लागू कर दी जाएगी। यहां पर जुलूस एवं धरना प्रतिबंधित रहेगा। विधानसभा की सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के पश्चात सभी मंत्री अब राजधानी लौटने लगे हैं। यहां पर अपने-अपने विभागों के प्रश्नों का जवाब देने की तैयारी कर रहे हैं। वित्त मंत्री द्वारा बजट पूर्ण कर लिया गया है। कैबिनेट में मंजूरी के बाद इसे तीन मार्च को सदन में पेश किया जाएगा। यह बजट डेढ़ लाख करोड़ का होगा। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के अनुसार सत्र में खनिज, शराब माफिया, गिरती कानून व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा जाएगा।

किसानों को बोनस एवं धान की राशि नहीं देने का मामला भी गूंजेगा। कांग्रेस विधायक दल की बैठक शीघ्र बुलाई जाएगी। भाजपा विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री निवास में होगी। विधानसभा के पूर्व सत्र और बजट सत्र की अवधि के बीच जिन सदस्यों का देहावसान हो गया है उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया जाएगा।

## मैं छत्तीसगढ़ नहीं छोड़ रहा, किसी को खुश होने की जरूरत नहीं: भूपेश

**रायपुर, 20 फरवरी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पंजाब के नए प्रभारी बनाए जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिल्ली से लौटते ही बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय स्तर पर नई जिम्मेदारी मिलने के बावजूद वे छत्तीसगढ़ की राजनीति में सक्रिय रहेंगे। बघेल ने भाजपा नेताओं पर पलटवार करते हुए कहा, किसी को खुश होने की जरूरत नहीं है। मैं छत्तीसगढ़ नहीं छोड़ रहा हूं। रायपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा नेताओं की उन चर्चाओं को खारिज किया, जिनमें कहा जा रहा था कि राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने के बाद वे प्रदेश की राजनीति से दूरी बना लेंगे। उन्होंने साफ कहा कि राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी पार्टी ने दी है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वे अपने राज्य को छोड़



देंगे।

**खड़गे के बयान का किया समर्थन**-मीडिया से बातचीत में बघेल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि पार्टी नेतृत्व जिसे भी किसी राज्य का प्रभार देता है, उसकी सफलता या असफलता की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। बघेल ने कहा, इसमें कुछ भी गलत नहीं है। अगर किसी को कोई जिम्मेदारी दी जाती है, तो उसका आकलन भी होना चाहिए। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस के अंदर आत्ममंथन जारी है।

## पंचायत चुनाव को लेकर जिले में भारी उत्साह

- एक मार्च के पूर्व त्रिस्तरीय पंचायत का होगा गठन

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 20 फरवरी।** रायपुर जिले के तिल्दा एवं धरसींवा ब्लॉक के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिला जनपद के पांच सदस्यों का आज निर्वाचन होगा। तिल्दा से पूर्व पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा की किस्मत का भी फैसला होगा।

राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण में 53 ब्लॉक में मतदान हो रहा है। रायपुर जिले के तिल्दा एवं धरसींवा ब्लॉक में चुनाव के लिए आज मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। जिला जनपद क्षेत्र क्रमांक 5 से कांग्रेस समर्थित सुरेन्द्र वर्मा और भाजपा के नवीन अग्रवाल के बीच मुकाबला है। यह मुकाबला एक निर्दलीय प्रत्याशी के लड़ने से त्रिस्तरीय हो गया है। जिला जनपद अध्यक्ष रहीं डोमेश्वरी वर्मा का भी मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी से है। जिला पंचायत रायपुर में कुल 16 सदस्य हैं जिनमें से पांच का निर्वाचन हो चुका है। अभनपुर ब्लॉक से कांग्रेस यशवंत साहू एवं रेखा कोसले चुनाव जीत चुके हैं। रायपुर जिले से लगे महासमुंद जिले के अंतर्गत पिथौरा एवं बागबाहरा ब्लॉक में भी चुनाव हो रहा है। गांव में इस समय जबरदस्त माहौल है। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को कई प्रलोभन दिए जा रहे हैं। आयोग के अनुसार गत 17 फरवरी को प्रथम चरण के चुनाव हुए थे उसका सर्टिफिकेट बांट दिया गया है। आज होने वाले मतदान में विजयी प्रत्याशियों को 23 फरवरी को सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

आयोग के अनुसार एक मार्च के पूर्व त्रिस्तरीय पंचायत का गठन कर लिया जाएगा। जिला जनपद सदस्य अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन करेंगे। वहीं जनपद सदस्य भी अपने पदाधिकारी चुनेंगे। ग्रामीण स्तर पर पंच भी अपने मुखिया का निर्वाचन करेंगे।

## जमीन विवाद, तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**रायपुर, 20 फरवरी।** राजधानी के तेलीबांधा इलाके में जमीन विवाद को लेकर बसंत अग्रवाल समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि उन्होंने एक निजी संपत्ति पर अवैध कब्जे की कोशिश की, निर्माणाधीन मकान में तोड़फोड़ की और जमीन मालिक को धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता रितेश कुमार महतो का दावा है कि उन्होंने ग्राम फुंडहर में 0.2020 हेक्टेयर जमीन दिसंबर 2024 में जीरा बाई निषाद से खरीदी थी। इस जमीन पर वे बाउंड्री वॉल का निर्माण करवा रहे थे, जिसकी जिम्मेदारी ठेकेदार सुशील गुप्ता को सौंपी गई थी। रितेश के मुताबिक, करीब 15 दिन पहले ठेकेदार सुशील गुप्ता के मोबाइल पर किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और उसे काम रोकने की धमकी दी गई। 21 जनवरी को अखिलेश प्रताप सिंह नाम के व्यक्ति ने दोबारा फोन कर ठेकेदार को धमकाया कि यदि उसने निर्माण कार्य जारी रखा तो उसे थाने में बंद करवा दिया जाएगा। इसके अलावा, निर्माण स्थल से सामान हटाने के लिए कहा गया, अन्यथा विवाद और खून-खराबे की चेतावनी दी गई।

शिकायत में कहा गया है कि 30 जनवरी को रितेश कुमार महतो को एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। उसी दिन अखिलेश प्रताप सिंह ने निर्माण स्थल पर पहुंचे मजदूरों को भी धमकाया और जबरन काम रुकवा दिया। रात में कुछ अज्ञात लोग वहां पहुंचे और मजदूरों को झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद, निर्माणाधीन स्थल में तोड़फोड़ की गई और करीब 2.50 से 3 लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया गया। चोरी हुए सामान में लोहे के कॉलम, सीमेंट और अन्य निर्माण सामग्री शामिल थी। रितेश महतो का आरोप है कि गुढ़ियारी निवासी बसंत अग्रवाल भी इस घटना में शामिल थे। उन्होंने मौके पर मजदूरों के साथ गाली-गलौज की और काम बंद करने का आदेश दिया।

पीड़ित ने घटना की शिकायत तेलीबांधा थाना में दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने बसंत अग्रवाल( थान खम्हरिया वाले नहीं), अखिलेश प्रताप सिंह और एक अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सिविल लाइन सीएसपी अजय कुमार ने बताया की अवैध कब्जा और निर्माणाधीन मकान में तोड़फोड़ की शिकायत प्राप्त हुई है। भू-स्वामि रितेश कुमार महतो ने बसंत अग्रवाल सहित अज्ञात व्यक्ति पर जमीन पर अवैध कब्जा करने निजी संपत्ति में तोडफोड़ और धमकाने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर धारा 296, 3(5), 303(2), 324(5), 329(1), 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पूरे मामले की विवेचना जारी है।

गौरतलब है कि इस मामले में बीजेपी नेता बसंत अग्रवाल ने कहा कि तेलीबांधा थाने में दर्ज मामले में बसंत अग्रवाल का नाम उल्लेखित है, जो कोई और होगा, मैं नहीं हूं। वह भाजपा नेता बसंत अग्रवाल नहीं है। मैं 30 जनवरी को थाना खमरिया में चुनाव प्रचार में था। बसंत अग्रवाल कोई दूसरा व्यक्ति है।

### जलवायु परिवर्तन मानव अस्तित्व के लिए घोर संकट उत्पन्न कर रहा

**रायपुर, 20 फरवरी।** मानवविज्ञान अध्ययनशाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के द्वारा विश्व मानवविज्ञान दिवस के पूर्व संध्या छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक जनजातीय चित्रांकन शैलियों विषय पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध संस्कृतिविद्, पूर्व संग्रहालय अध्यक्ष, अशोक तिवारी ने विशेष व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए प्रो. अशोक प्रधान ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए मानवविज्ञान वो क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देने वाले विद्वानों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर न केवल विमर्श करना है बल्कि उनसे प्रेरणा प्राप्त कर मानववैज्ञानिक अनुसंधान एवं अध्ययन को आगे बढ़ाना है। इसी कड़ी में मानवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष, प्रो. जितेन्द्र कुमार प्रेमी ने आयोजन के उद्देश्य एवं महत्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस वर्ष विश्व मानवविज्ञान दिवस का विषयवस्तु द फ्यूचर एण्ड इट्स डिक्लाईनेशन्स रखा गया है।

## महापौर मीनल चौबे ने पार्षदों के साथ संगम में लगाई डुबकी



■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 20 फरवरी।** प्रयागराज महाकुंभ में रायपुर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे और 40 से ज्यादा पार्षदों ने आस्था की डुबकी लगाई. नई पारी की शुरुआत से पहले उन्होंने गंगा मैया से आशीर्वाद लिया. इस दौरान विधायक राजेश मूणत ने भी कुंभ स्नान किया और प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की. बता दें कि नगर निगम रायपुर में ऐतिहासिक जनादेश मिलने के बाद मंगलवार को चार बसों में करीब 150 लोग महाकुंभ के लिए रवाना हुए थे. जिसमें महापौर मीनल चौबे, विधायक राजेश मूणत और 40 से ज्यादा नवनिर्वाचित भाजपा पार्षद शामिल थे.

**रायपुर नगर निगम में शपथ ग्रहण की तैयारियां**-महाकुंभ की यात्रा से लौटने के कुछ दिनों के बाद नगर निगम रायपुर में महापौर मीनल चौबे सहित 70 वार्डों के पार्षद शपथ लेंगे, जिसमें प्रदेश के बड़े नेता शामिल हो सकते हैं. शपथ ग्रहण समारोह के दिन सभापति का चुनाव होगा. बता दें कि रायपुर नगर निगम में 60 बीजेपी, 7 कांग्रेस, 3 निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए हैं.







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26